अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि
से आपरेशन
अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702,
शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## चतुर्थ कूष्मांडा



नवरात्र में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदिस्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। माँ कूष्माण्डा की पूजा से कुंडली में सूर्य ग्रह मजबूत होता है।

**बीज मंत्र... माँ कूष्मांडा: ऐं ह्री देव्यै नम:**



तिर्वा में ईदगाह के बाहर मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार



नमाज अदा करने के बाद लोगों के साथ मौजूद डीएम व एसपी। अमृत विचार



कन्नौज ईदगाह में ईद की नमाज पढ़ते अकीदतमंद। अमृत विचार

# धूमधाम से मना ईद उल फितर, दुआ को उठे हजारों हाथ

## जिले की 52 ईदगाह, 142 मस्जिदों पर कड़ी सुरक्षा के बीच हुई नमाज, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 600 से अधिक पुलिस व पीएसी के जवान लगे

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले भर में ईद उल फितर का पर्व धूमधाम व परंपरागत ढंग से मनाया गया। इस दौरान 52 ईदगाहों और 142 मस्जिदों पर कड़ी सुरक्षा के बीच नमाज अदा की गई। सुरक्षा के लिए 600 से अधिक पुलिसकर्मी और पीएसी के जवान लगाये गये थे। जिले में 7:30 से 9:00 बजे तक अलग अलग मस्जिदों व ईदगाहों में नमाज अदा कराई गई। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी और घरों पर जाकर सिंवई खाई खिलाईं।

शनिवार को ईद के चलते सुबह से ही मुस्लिम धर्म के लोग नमाज के लिये घरों से निकलने लगे। शहर के ईदगाह में कारी मोहम्मद शमीम ने नमाज अदा कराई। इसी तरह नूरी तौवा मस्जिद में मौलाना जियाउल कमर व जामा मस्जिद में मौलाना मोइन ने नमाज अदा कराई। ईदगाह में सुबह 08 बजे से नमाज अदा कराई गई। पूरी जिले की मस्जिदों व ईदगाहों में 7:30 से 9:00 बजे तक नमाज अदा की गई। ईद को लेकर एसपी ने सुरक्षा के कड़े इंतजामात किये थे। उन्होंने पूरे जिले को सेक्टर व जोन में बांट कर पुलिस को भ्रमणशील रखा। गश्त और निगरानी अधिकारी लगातार क्षेत्र में भ्रमण पर रहे। डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एसपी विनोद कुमार खुद शहर के ईदगाह पर मौजूद रहे। उन्होंने लोगों को मुबारकवाद दी। इस मौके पर सपा नेता वउअन तिवारी, जिलाध्यक्ष कलीम खां, पीपी सिंह बघेल, यश दोहरे ने मुस्लिम भाइयों के गले मिलकर ईद का मुबारकबाद दी।



छिबरामऊ में ईद की नमाज पढ़ते नमाजी। अमृत विचार

• **डीएम व एसपी ने कन्नौज ईदगाह पर लोगों को दी ईद की मुबारकबाद**

**तिर्वा संवाददाता के अनुसार** शनिवार को सुबह बरधइया रोड स्थित ईदगाह में हाफिज मो. अकरम ने अकीदतमंदों को ईद की नमाज पढ़वाई। नमाज के बाद नमाजियों ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की शुभकामनाएं दी। मंडी बाजार जामा मस्जिद, डी एन कालेज वाली मस्जिद, ठठिया के रूरा वाली ईदगाह, खैरनगर, कटरा बहसार, उमर्दा, झूलना पुर, सतौरा, जसपुरापुर सरैया की मस्जिदों में भी हजारों अनुयायियों ने ईद की नमाज अदा की। इस दौरान उप जिलाधिकारी राजेश कुमार, सीओ कुलवीर सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार शुक्ल, कस्बा चौकी इंचार्ज ज्ञानेंद्र सिंह, ठठिया थाना प्रभारी संजीव कुमार, इंद गढ़ थाना प्रभारी नीलम सिंह पुलिस बल के साथ निरंतर भ्रमणशील रहे।

**छिबरामऊ संवाददाता के अनुसार** फर्रुखाबाद रोड स्थित ईदगाह में सुबह 8:30 बजे पेश इमाम मौलाना सैय्यद फुरकान ने ईद उल फितर की नमाज अदा कराई। मोहल्ला विरतिया स्थित एक मीनारा मस्जिद में मौलाना जियाउल हक ने और नगर की जामा मस्जिद में 8:45 बजे ईद उल फितर की नमाज अदा कराई गई। ईदगाह रोड से लेकर चारों दिशाओं में पुलिस बल तैनात रहा।

वहीं उपजिलाधिकारी ज्ञानेंद्र द्विवेदी, सीओ ओमकारनाथ शर्मा, कोतवाल विष्णुकांत तिवारी, ईओ सुनील कुमार सिंह, लेखपाल प्रशांत त्रिपाठी, कानून को कौशलेंद्र दुबे सहित भारी पुलिस बल और नगर पालिका कर्मी तथा फायर ब्रिगेड टीम भी ईदगाह के पास तैनात रही। नमाज के बाद हाफिज एहतशामुद्दीन, मोहम्मद आकिल ओवैसी, मोहम्मद इमरान खान, समसुल कमर खां उर्फ राजू मास्टर, प्रधानाचार्य कुमैल इदरीस, ने एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दी।

### गुरसहायगंज में जनता को दिया निर्भीक होकर त्योहार मनाने का संदेश

**गुरसहायगंज।** ईद व नवरात्र के त्योहार को लेकर कोतवाली पुलिस ने पैदल व वाहनों से भ्रमण कर जनता को शांति व सुरक्षा का भरोसा दिलाया। शनिवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाल अजय कुमार अवस्थी के नेतृत्व में पुलिस कर्मियों ने बाइक व चार पहिया वाहनों पर सवार होकर नगर सहित क्षेत्र के ग्रामों में रूटमार्च किया। इस दौरान पुलिस टीम ने जनता से निडर होकर शांति प्रिय तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। त्योहार पर गड़बड़ी करने वालों को वख्शा नहीं जाएगा।

### अमन चैन की दुआ कर हर्षोल्लास से मनाई ईद

**गुरसहायगंज।** ईद-उल-फितर पर नगर की जामा मस्जिद और बड़ी ईदगाह पर भारी संख्या में लोगों ने नमाज पढ़ी। हिन्दुओं ने मुस्लिमों से गले मिल मुबारक बाद दी और एक दूसरे का मुंह भी मीठा कराया। पुलिस व अधिकारियों ने भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखी। शनिवार को नगर सहित क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सुबह से ही ईद-उल-फितर त्योहार पर खुशियं मनाने का सिलसिला शुरू हो गया। ईदगाहों पर मेले का रूप देखने को मिला, बच्चों ने खरीददारी कर जमकर मौज मस्ती की। ग्राम खाडेदेवर, कस्बा समधन, ग्राम डुडवाबुर्जुग, इस्माइलपुर, मझपुर्वा आदि ईदगाहों पर छोटी-छोटी दुकानें सजाकर विक्रेताओं ने मेला का रूप दे दिया। वही पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी, पूर्व सपा विधायक जमालुद्दीन सिद्दीकी, फर्रूखाबाद पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी, युवा समाज सेवी अरशद जमाल सिद्दीकी, पूर्व ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी, जुनैद सिद्दीकी, समाजसेवी आसिफ जमाल खां पप्पी, मुनीर कुरैशी, इशरत खां, शहनवाज खां, भाकियू टिकैत प्रदेश उपाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी आदि ने ईदगाह पर नमाज अदा कर लोगों से गले मिल कर ईदउल फितर की मुबारकबाद दी। इस दौरान डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री, एसपी विनोद कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, कोतवाल अजय कुमार अवस्थी, कस्बा प्रभारी दीपक चौधरी, वरिष्ठ लिपिक वीर सिंह सहित महिला व पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. रजनीश को मिलेगा प्रदेश सेवा रत्न 2026 सम्मान

**छिबरामऊ।** अपनी रगों में बहते रक्त को दूसरों के जीवन की डोर बचाने वाले छिबरामऊ के ग्राम घिलोई खास निवासी डॉ. रजनीश दुबे को प्रदेश सेवा रत्न सम्मान 2026 के लिए चुना गया है। समाज में रक्तवीर और रक्त सिपाही के नाम से अपनी पहचान बना चुके डॉ. दुबे को यह सम्मान आगरा में संकल्प मानव सेवा संस्थान द्वारा आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। वे अब तक 79 बार रक्तदान कर चुके हैं। इससे पहले उन्हें वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस और राष्ट्रीय सेवा रत्न अवॉर्ड (2024-2025) जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। डॉ. दुबे को यह सम्मान मिलने की घोषणा होते ही उनके गृह क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

### भाभी को मारपीट कर किया घायल, गंभीर

**सौरिख।** शराब के नशे में देवर ने भाभी से गालीगलौज की और मारपीट कर घायल कर दिया। थाना क्षेत्र के रेरी रामपुर निवासिनी ज्योति पत्नी अजय ने थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 19 मार्च को शाम पांच बजे घर के अंदर घरेलू कार्य कर रही थी। उसी समय देवर राहुल पुत्र राजीव शराब के नशे में आया और गाली देने लगा। जब गाली देने से मना किया तो डंडों से मारपीट करने लगा। शोर सुनकर आसपड़ोस के लोग दौड़े तो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया।

### खेत में पानी भर जाने के विवाद में झगड़ा

**तिर्वा।** खेत में पानी भर जाने को लेकर हुए विवाद में दोनों पक्षों से छह लोग घायल हो गए। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। शुक्रवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम दिलीप नगर में खेत में पानी भर जाने को लेकर दो पक्षों झगड़ा हो गया। घटनाक्रम के अनुसार प्रेम लता पत्नी राजू अपनी पुत्री निशा के साथ घर में खाना बना रही थी। उसी समय गांव के ही सुखदेव व उसके पुत्र रामस्वरूप, अखिलेश, योगेश व पुत्री राधा ने घर में घुसकर मारपीट की जिसमे प्रेम लता,उसकी पुत्री निशा सास केशबती, सोनेलाल, घायल हो गए।

# कन्नौज में पूर्व सैनिकों के लिए जल्द ईसीएचएस सुविधा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** दि सिखलाई रेजीमेंट सेंटर फतेहगढ़ की ओर से राजकीय मेडिकल कालेज तिर्वा ऑडीटोरियम में वेटरान्स एवं वीर नारी वेलफेयर रैली का आयोजन किया गया। इस दौरान कमांडेंट ने बताया कि जल्द ही कन्नौज जिले में जल्द ही पूर्व सैनिकों को ईसीएचएस की सुविधा मिलेगी। इसका केस प्रोजेक्ट कर दिया है और इस दिशा में कार्यवाही शुरू हो गई है।

कार्यक्रम में कमांडेंट ने यह भी कहा कि एआई के दौर में सब अपने आपको मोबाइल से जोडने का प्रयास करें सब कुछ इसी के द्वारा किया जायेगा। कन्नौज जिले मे पूर्व सैनिकों के लिए ईसीएचएस (पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना ) की सुविधा के लिए केस प्रोजेक्ट कर दिया गया है और अभी कमाण्ड हेडक्वाटर में कार्यवाही की जा रही है। इसी के साथ एमएच फतेहगढ को मोडीफिकेशन के लिए मन्जूरी मिल चुकी इसका कार्य भी शुरू हो जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल रोहित भटारा ने कहा कि केंद्र सरकार से मिलने वाली सभी योजनाओ को नवम्बर 2025 से दोगुना किया गया । कमांडेंट की ओर से 16 नॉन पेंशनरों, 05 युद्ध वीर नारियो, 04 द्वितीय विश्व, 06 बैटल कैजुल्टी वीर नारियों को अनुग्रह धनराशि व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कर्नल बीएस तोमर, पूर्व जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने भी संबोधित किया। रैली में लगभग 550 पूर्व सैनिक, वीर नारियो आदि अधिकारी व कर्मचारियो ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम मे उपजिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।





ऑडीटोरियम में मौजूद वीरनारियों के साथ सिखलाई रेजीमेंट के अफसर।

• **दि सिखलाई रेजीमेंट सेंटर के कार्यक्रम में कमांडेंट बोले, शुरू हो गया इस मामले में काम**

# तिर्वा उपकेंद्र से संबंधित निर्माण कार्य 6 जून तक पूरे करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** विधानसभा संयुक्त समिति की बैठक में सभापति मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने तिर्वा उपकेंद्र व संबंधित ट्रांसमिशन लाइनों के निर्माण कार्य 6 जून तक पूरे करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अन्य परियोजनाओं की भी समीक्षा करते हुए समय से काम पूरा किए जाने के निर्देश दिए।

शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मेजर द्विवेदी के सभापतित्व में उत्तर प्रदेश विधानसभा की सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति (2025-26) की प्रथम उप समिति की बैठक हुई। इसमें मेजर द्विवेदी ने 220/132/33 केवी उपकेंद्र तिर्वा एवं संबंधित ट्रांसमिशन लाइनों के निर्माण कार्यों में लगी कार्यदायी संस्था—मेसर्स तिर्वा ट्रांसमिशन लि., नई दिल्ली/ उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लि.को निर्देशित किया कि 163.60 करोड़ रुपये की लागत वाली इस महत्त्वपूर्ण परियोजना को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। विद्युत विभाग कन्नौज द्वारा संचालित बिजनेस प्लान वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विद्युत तंत्र सुदृढ़ीकरण के कार्यों (65 प्रतिशत प्रगति) एवं आरडीएसएस योजना के अंतर्गत अविद्युतीकृत घरों के विद्युतीकरण को जल्द पूर्ण करने को कहा। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत नगर पंचायत समधन पुनर्गठन पेयजल योजना की समीक्षा करते हुए इस योजना का लाभ आमजन को समय से उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। छिबरामऊ में बजरंगबली मंदिर का पर्यटन विकास कार्य, मकरंदनगर स्थित मां फूलमती देवी मंदिर का सौंदर्यीकरण आदि को भी समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने इत्र उद्योग की ब्रांडिंग, एफएफडीसी, इत्र पार्क, मेहंदी घाट विकास, ओडीओपी, स्वयं सहायता समूहों को एमएसएमई से जोड़ने तथा इत्रोत्सव जैसे आयोजनों के माध्यम से जनपद के समग्र विकास के प्रयासों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक के उपरांत संयुक्त समिति ने निर्माणाधीन साइबर क्राइम थाने का निरीक्षण किया। समिति के सदस्य सभाकुंवर, विनय प्रकाश गोंड, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, समिति के अनुसचिव अर्जुन सिंह के अलावा मुख्य विकास अधिकारी रामकृपाल चौधरी, अपर जिलाधिकारी देवेन्द्र सिंह भी मौजूद रहे।



सभागार में विधानसभा संयुक्त समिति की बैठक में मौजूद सभापति, जिलाधिकारी व अन्य

• **विधान सभा संयुक्त समिति की बैठक में सभापति सुनील दत्त द्विवेदी ने दिए निर्देश**

# 41 केंद्रों पर 25 से की जाएगी गेहूं की खरीद

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**20** रुपये क्विंटल उतराई-छनाई के भी मिलेंगे

**अमृत विचार।** जिले में गेहूं की फसल तैयार होने को है तो ऐसे में खाद्य विपणन विभाग की ओर से सरकारी खरीद की तैयारी भी कर ली गई है। इस क्रम में जिले के 41 क्रय केंद्रों पर समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीद की जाएगी। इसके साथ ही 20 रुपये प्रति क्विंटल उतराई व छनाई के मद में भी देय होंगे।

यह जानकारी देते हुए जिला खाद्य विपणन अधिकारी अनूप कुमार श्रीवास्तव ने अवगत कराया है कि जनपद कन्नौज में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की अवधि 25 मार्च से 15 जून 2026 तक रहेगी। बताया कि 41 गेहूं क्रय केंद्रों में से खाद्य विभाग के 15, पीसीएफ के 23 तथा तीन भारतीय खाद्य निगम के हैं। विकास खण्डवार बात करें तो कन्नौज में 03, जलालाबाद में 01, गुगरापुर में 01, उमर्दा में 12, हसेरन में 05, सौरिख में 07, छिबरामऊ में 07 तथा तालग्राम में 08 केंद्र संचालित किए जाएंगे। जनपद की प्रत्येक तहसील में एक-एक मोबाइल क्रय केंद्र की भी व्यवस्था की गई है, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों के किसानों को विशेष सुविधा प्राप्त होगी।

### 4357 किसानों से 32,90,086 मीट्रिक टन खरीदा गया धान

**कन्नौज।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत मूल्य समर्थन योजना के तहत जनपद में 28 फरवरी 2026 तक कुल 4357 किसानों से 32,90,086 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इनमें से 4351 किसानों को 7867 .76 लाख रुपये का भुगतान उनके आधार लिंक्ड बैंक खातों में पीएफएमएस के माध्यम से किया जा चुका है।

राहत

## जिला अस्पताल में दो महीने में 150 बच्चों को दिया जा चुका लाभ

# नवजातों के लिए संजीवनी बनी लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला अस्पताल में करीब दो महीने पहले स्थापित लैक्टेशन यूनिट (एलएमयू) नवजातों को संजीवनी देने का काम कर रही है। इस अवधि में करीब डेढ़ सौ बच्चों को लाभ दिया जा चुका है।

यहां बताते चलें कि कई बार बच्चे के जन्म के बाद मां या बच्चे के बीमार/कमजोर होने या किसी अन्य कारण से बच्चे के स्तन पान नहीं करा पाती है। वहीं नवजात को मां का दूध देना जरूरी होता है तो इस समस्या के समाधान के लिए जिला अस्पताल में उपकरणों से सुसज्जित एलएमयू की स्थापना करीब दो महीने पहले की गई थी। इसकी कार्यप्रणाली यह है कि मां का दूध निकालकर संरक्षित किया जाता है और फिर उसके ही बच्चे को उसका पान कराया जाता है। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. शक्ति बसु ने बताया कि यूनिट में मां के दूध को संग्रहीत कर रेफ्रिजरेशन में रखा जाता है या फिर नवजात को कुछ देर बाद ही दिया जाना है तो उसे कमरे के तापमान पर ही रखकर बच्चे को सेवन कराया जाता है। जानकारी दी कि यह यूनिट एसएनसीयू का ही हिस्सा है। यह भी बताया कि यूनिट में जरूरत के अनुसार रेफ्रिजरेटर, मेटलिक छन्नियां, संगीत सिस्टम, इलेक्ट्रिक ब्रेस्ट पंप के अलावा जरूरी सभी सुविधाएं पूर्ण हैं। इसके साथ ही दो काउंसलर की भी नियुक्ति की गई है क्योंकि कई बार माताएं दूध निकालने की प्रक्रिया को लेकर असहज महसूस करतीं हैं। उनको ये काउंसलर सहज कर प्रक्रिया करातीं हैं। इसके साथ ही उन माताओं की भी काउंसिलिंग की जाती है जो शिशु को जन्म के बाद अपना दूध नहीं पिलाना चाहतीं हैं। यह भी बताया कि यह व्यवस्था मिल्क बैंक से अलग है। मिल्क बैंक में किसी भी माता का दूध पाश्चराइज करके संग्रहीत किया जाता है जो किसी भी नवजात को दिया जा सकता है। अब तक डेढ़ सौ बच्चों को लाभान्वित किया जा चुका है।



एलएमयू में जच्चा के साथ प्रक्रिया करता यूनिट का स्टाफ। अमृत विचार





उपकरणों से सुसज्जित लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट व जानकारी देते सीएमएस डॉ. शक्ति बसु।

### बाइकसवार के घायल होने की रिपोर्ट दर्ज

**सौरिख।** कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल होने के मामले में पुत्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के चटरुआपुर गांव निवासी सुमित कुमार पुत्र राम प्रकाश ने सौरिख थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया, 4 मार्च की शाम लगभग 7:30 बजे पिता राम प्रकाश (56) बैंक से ड्यूटी करने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। नादेमऊ-सौरिख मार्ग पर किशनपुर गांव के सामने नादेमऊ की तरफ से आ रही आर्टिका कार के चालक नाम पता अज्ञात ने जोरदार टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। वहां से डॉक्टरों ने कानपुर अस्पताल रेफर कर दिया जहां उनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# टूटी सड़क से निकलना मुश्किल, गिर रहे लोग

संवाददाता सौरिख

**अमृत विचार।** छह वर्ष पूर्व सड़क की मरम्मत हुई लेकिन उसके बाद से ध्यान नहीं दिया गया। परिणाम यह कि सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है।

सौरिख विकासखंड के अंतर्गत सौरिख-नादेमऊ मार्ग से नगला भीम तक जाने वाली सड़क का निर्माण लगभग 20 वर्ष पहले मंडी समिति से कराया गया था। इसकी मरम्मत 6 वर्ष पहले कराई गई थी। इसके बाद से रखरखाव न होने से सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है जिससे यहाँ से गुजरने वाले लोगों को आए दिन हादसे का शिकार होना पड़ता है। यह सड़क नगला पसा, नगला पसा पूर्वी, राजारमपुर, नगला भीम, बगियाहार, ईशमपुर जैसे आधा दर्जन गांवों को जोड़ती है। ग्रामीण सर्वेश कुमार, अनुज कुमार, इंद्रपाल सिंह, रमन सिंह, नरेंद्र कुमार, वीरपाल सिंह, कोमल सिंह, बंटू पाल, रजनीश पाल आदि लोगों ने कई बार सड़क निर्माण के लिए अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की लेकिन निर्माण नहीं कराया जा रहा। इससे यहां से गुजरने वाले लोगों को आए दिन बाइक फिसलने से चोटिल होना पड़ रहा है।



सौरिख नादेमऊ मार्ग से नगला भीम जाने वाली सड़क का हाल।

## न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने वारण्टी को किया गिरफ्तार

**कन्नौज।** थानाध्यक्ष संजीव कुमार के नेतृत्व में थाना ठठिया पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस के खिलाफ ठठिया थाने में रिपोर्ट दर्ज है। पुलिस ने आरोपी सुरेश पुत्र इतवारी निवासी तुलापुर्वा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा है। आरोपी को पकड़ने में थानाध्यक्ष के अलावा दरोगा राकेश पटेल व हेड सिपाही विवेक कुमार शामिल रहे।

### तिर्वा में नवरात्र पर निकली भव्य शोभायात्रा

**तिर्वा।** नगर में चैत्र नवरात्र के मौके पर भव्य और सजीव शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में देवी भक्त शामिल हुए और भजनों पर झूमते नजर आए। शुक्रवार को देर शाम सुभाष नगर मोहल्ले से नवदुर्गा शोभायात्रा प्रारंभ हुई। यह सर्राफा बाजार, गांधी चौक और खैरनगर रोड से होते हुए सिद्धपीठ मां काली मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा में शामिल शिव-पार्वती, माता रानी और भगवान के अन्य स्वरूपों की सजीव झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। यात्रा मार्ग में जगह-जगह लोग पूजन और छतों से फूलों की वर्षा करते रहे। उधर, प्लाजा मार्केट में नौ दिवसीय आध्यात्मिक कार्यक्रम भी चल रहा है। सिद्धपीठ मां अन्नपूर्णा मंदिर, दुर्गा मंदिर और काली देवी मंदिर में भी भारी भीड़ उमड़ रही है।

### नवरात्र के तीसरे दिन चंद्रघंटा की पूजा अर्चना

**कन्नौज।** इन दिनों देवी दुर्गा का नौ दिवसीय उत्सव जिले भर में मनाया जा रहा है। चैत्र नवरात्र के रूप में मनाए जाने वाले इस उत्सव के तीसरे दिन देवी की तीसरी शक्ति चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की गई। शनिवार को सुबह से शहर समेत जिले के समस्त सिद्ध मंदिरों काली देवी, गोवर्धनी देवी, बाग देवी, सिंहवाहिनी देवी, काली दुर्गा मंदिर, क्षेमकली मंदिर, फूलमती देवी मंदिर, मौरारी देवी, तिर्वा के अन्नपूर्णा मंदिर के अलावा छिबरामऊ, गुरसहायगंज, सौरिख के देवी मंदिरों में सुबह से ही मैया के जयकारे गूंजते रहे। वहीं घरों में कलश स्थापना के बाद सप्तशती पाठ का आयोजन भी जारी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कन्नौज।** गलत साइड आ रही कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से मेडिकल कालेज रेफर किया गया। सदर कोतवाली के करनपुर गांव निवासी दिव्यांशू (24) पुत्र प्रेमसागर शनिवार को दोपहर के समय पाल चौराहा से कन्नौज की ओर जा रहा था। इसी दौरान रांग साइड में आ रही तेज रफ्तार कार ने सपा कार्यालय के निकट उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने जानकारी पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

### मिशन शक्ति के तहत किया गया जागरूक

**छिबरामऊ।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत शनिवार को कोतवाली की टीम ने ग्राम कुंवरपुर कंडोली में नारी सुरक्षा नारी सम्मान अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया ।महिलाओं को विषम परिस्थितियों में सहायता के लिए 1090 (वीमेन पावर लाइन), 112 (पुलिस सहायता), 181 (महिला हेल्पलाइन), और 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) के बारे में विस्तार से बताया गया।

# शिक्षिका ने प्रभारी प्रधानाध्यापक को पीटा, केस दर्ज

## उमर्दा विकास खंड क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल फिरोजपुर का मामला, कई महीनों से चल रहा था चार्ज का विवाद, 12 मार्च को ही मिला था प्रभार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा


विकास खंड उमर्दा क्षेत्र का कंपोजिट विद्यालय फिरोजपुर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सहायक शिक्षिका ने विद्यालय परिसर में ही प्रभारी प्रधानाध्यापक को पीट दिया जिससे वह घायल हो गईं। आरोप है कि महिला शिक्षक ने जाति सूचक गालियां भी दीं। कोतवाली तिर्वा में एससीएसटी समेत चार धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बताया जा रहा है कि स्कूल में चार्ज को लेकर कई महीनों से विवाद चल रहा था। 12 मार्च को ही प्रभार हस्तांतरण हुआ था।

कोतवाली सदर क्षेत्र के नसरापुर निवासी राधा कुमारी विकास खंड उमर्दा क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय फिरोजपुर की प्रभारी प्रधानाध्यापक हैं। उन्होंने सहायक अध्यापक दीप्ति यादव के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि द्वेष भावना रखते हुए लगातार मानसिक उत्पीड़न कर रहीं हैं। अभद्र व्यवहार एवं कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है। 12 मार्च को बीईओ विपिन कुमार ने विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक का कार्यभार दिलाया। उसके बाद आरोपी सहायक अध्यापक और आक्रामक हो गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दीप्ति यादव ने राधा कुमारी को धमकाया और प्रताड़ित करने लगी। एफआईआर के मुताबिक 20 मार्च को सुबह 8:55 बजे जब प्रभारी प्रधानाध्यापक स्कूल पहुंची तो दीप्ति ने सार्वजनिक रूप से जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर संबोधित किया। इसके बाद उनके साथ मारपीट की जिससे शरीर पर चोट के निशान आ गए। डंडे से प्रहार किया व जान से मारने की धमकी से प्रभारी प्रधानाध्यापक भयभीत व असुरक्षित महसूस कर रहीं हैं। मामले की जांच सीओ तिर्वा कुलवीर सिंह करेंगे।

### इन आरोपों में दर्ज हुई रिपोर्ट

- **कन्नौज।** सहायक अध्यापक दीप्ति यादव के खिलाफ स्वेच्छा से चोट पहुंचाने की धारा लगी है जिसमें एक साल की सजा या 10 हजार रुपये तक जुर्माना या दोनों सजा हो सकती हैं। सार्वजनिक स्थान पर जानबूझकर अपमान करने व शांतिभंग करने के लिए उकसाने में दो साल तक की जेल है। जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति को उसकी प्रतिष्ठा, शरीर या संपत्ति को नुकसान पहुंचाने की अपराधिक धमकी देता है, डराता है व गैरकानूनी काम करता है तो दो साल तक की कैद व अर्थदंड होते हैं। यह सभी जमानती धारा हैं। इसके साथ ही गैर जमानती है धारा अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम, 1989 (संशोधन 2015) की धारा 3 (1) (द) भी दर्ज हुई है।

### आरोपी शिक्षिका निलंबित, होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- बीईओ उमर्दा की जांच रिपोर्ट के बाद बीएसए ने की कार्रवाई
- पूर्व में प्रभारी प्रधानाध्यापक रहते दीप्ति पर गबन के भी आरोप लगे

**अमृत विचार।** प्रभारी प्रधानाध्यापक से मारपीट करने के मामले में कंपोजिट विद्यालय फिरोजपुर की सहायक अध्यापक दीप्ति यादव को बीएसए संदीप कुमार ने निलंबित कर दिया है। ठठिया के निकट स्थित बहादुरपुर प्राथमिक स्कूल में संबद्ध किया गया है। साथ ही मामले की जांच हसेरन बीईओ को सौंपी गई है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने जारी किए निलंबन आदेश में कहा है कि मामले की जांच बीईओ विपिन कुमार ने की। जांच रिपोर्ट में कहा गया है कि विद्यालय की अन्य सहायक अध्यापक स्नेहलता ने भी प्रभारी प्रधानाध्यापक राधा कुमारी के साथ मारपीट, धक्का देने व अंग वस्त्र फाड़ने की पुष्टि की है। इस दौरान रसोइयां व विद्यार्थी भी मौजूद थे। रसोइया सोमवती, रूबी, अनीता, सरला ने भी बयान में घटनाक्रम बताया है। उधर, आरोपी सहायक अध्यापक का कहना है कि एक दिन पूर्व 19 मार्च को उसने हस्ताक्षर नहीं किए थे। बच्चों से सुबह रजिस्टर मंगाया तो राधा व स्नेहलता ने उनको धक्का दिया। निलंबन पत्र में कहा गया है कि सहायक अध्यापक दीप्ति ने विभागीय व स्कूल हित में कार्य न कर स्वेच्छाचारिता, मनमानी, स्वच्छंद कार्यशैली से कार्य करने व शिक्षण कार्य में रुचि न लेने और कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन कर मारपीट की है। बीएसए ने कार्रवाई का भरोसा दिया।

### बारात से घर लौट रहे ग्रामीण को पीटा

**कन्नौज।** बारात से साथी के साथ बाइक से लौट रहे ग्रामीण को रास्ते में रोक कर मारपीट की गई। मामले की रिपोर्ट सदर कोतवाली में दर्ज कराई गई है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव सठियापुर निवासी अजीत कुमार पुत्र गंगा सागर ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 18 मार्च को वह गांव के ही निवासी रोविन व शिवसागर के साथ एक ही बाइक से मानपुर रोड पर स्थिति एनएल मैरिज लॉन में एक शादी में शामिल होने आया था। रात करीब दो बजे तीनों लोग अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही मानपुर रोड पर पहुंचे उसे समय सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव शरीफापुर निवासी प्रवेश पुत्र पप्पू, भूरा पुत्र दयाराम ने दो अज्ञात साथियों के साथ उसकी बाइक रोक ली। इसके बाद उक्त लोगों ने मारपीट की। एक व्यक्ति ने उसके सिर में डंडा मार दिया। इससे वह गंभीर रुप से घायल हो गया। बाइक को भी तोड़ दिया। बाद में जान से मार देने की धमकी दी है।

## अब तक यूपी बोर्ड की 64 हजार कॉपियां जांची

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- शनिवार को ईद के चलते मूल्यांकन कार्य ठप रहा, आज परीक्षक व डीएचई कार्य करेंगे

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शहर के दोनों मूल्यांकन केंद्रों पर चल रहा है। शनिवार को ईद के चलते मूल्यांकन कार्य ठप रहा। अब तक हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की कुल 64,135 कॉपियों का मूल्यांकन हो चुका है। आज यानि 22 मार्च को परीक्षक व डीएचई कार्य करेंगे।

शहर के एसवीएस इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की 1,72,713 उत्तर पुस्तिकाएं आईं हैं। 20 मार्च को 17,269 कॉपियों का मूल्यांकन किया गया। आवंटित 94 उप प्रधान परीक्षकों में 76 शामिल हुए और 18 गैरहाजिर रहे। कुल 918 परीक्षकों की ड्यूटी लगी है उसके सापेक्ष महज 351 उपस्थित हुए। मूल्यांकन केंद्र केके इंटर कॉलेज में इंटरमीडिएट की 1,20,633 कॉपियां आईं हैं। तीसरे दिन 13,634 उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया था जिसमें 60 उप प्रधान परीक्षकों में सभी शामिल हुए। आवंटित 535 परीक्षकों में उपस्थित 310 ही हुए और 225 गैरहाजिर रहे।

सेठ वासुदेव सहाय इंटर कॉलेज में कुल 34,182 उत्तर पुस्तिकाएं जांची जा चुकी हैं जबकि केके इंटर कॉलेज में अब तक 29,953 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन हो चुका है। डीआईओएस कार्यालय के मुताबिक जो परीक्षक व डीएचई मूल्यांकन केंद्रों पर नहीं पहुंच रहे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई को लिखा जाएगा।

### 26 को भी रहेगा अवकाश

- माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने जारी किए पत्र में कहा है कि 18 मार्च से 01 अप्रैल तक बोर्ड परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन कार्य होना है। 26 मार्च को रामनवमी के उपलक्ष्य में मूल्यांकन कार्य नहीं होगा।

## वसूली के आरोपों के बाद कन्नौज जनपद का निपुण में 44वां नंबर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पहली बार डीएलएड प्रशिक्षुओं पर लगे प्राथमिक स्कूलों से रुपये मांगने के आरोप

**1186** में महज 306 प्राइमरी विद्यालय ही हो सके निपुण घोषित

**अमृत विचार।** जनपद में पहली बार प्राथमिक स्कूलों में निपुण आकलन करने के नाम पर डीएलएड प्रशिक्षुओं पर वसूली के आरोप लगे। यह अभ्यर्थी परिषदीय विद्यालयों में जाकर प्रशिक्षण लेते हैं और वहीं से ही रुपये मांगने में नहीं झिझके। यह मामला कन्नौज का ही नहीं बल्कि सूबे के कई जिलों का रहा। अब जब परिणाम घोषित हुआ तो अपने जनपद की सूबे में रैंक 44वीं आने पर खूब किरकिरी हुई। कुल 1186 विद्यालयों में महज 306 ही निपुण घोषित हो सके।

बेसिक शिक्षा में सुधार के लिए निपुण भारत मिशन चल रहा है। इसके तहत निपुण आकलन परीक्षा परख एप से होती है। कक्षा 01 व 02 के विद्यार्थियों को निपुण घोषित किया जाता है। शैक्षिक सत्र 2025-26 में जनपद के 1186 विद्यालयों को मिशन में शामिल किया गया जिसमें 306 को ही निपुण घोषित किया गया है। जो करीब 26 प्रतिशत है। इस आधार पर कन्नौज जनपद को कानपुर मंडल के छह जिलों में चौथा नंबर व उत्तर प्रदेश में 44वां स्थान मिला है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) छिबरामऊ के डीएलएड प्रशिक्षुओं ने प्राथमिक विद्यालयों में जाकर निपुण आकलन किया था। इसके लिए 380 टीमें लगाईं थीं। शैक्षिक सत्र 2023-24 में 665 प्राथमिक स्कूलों में 187 निपुण घोषित हुए थे। 2024-25 में 713 विद्यालयों में 577 निपुण हुए थे। अबकी बार हालत काफी खराब हुई है। इससे शिक्षा की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहा है।

### 80 प्रतिशत वाले बच्चे होते निपुण

- कन्नौज परिषदीय विद्यालयों में बाल वाटिका, कक्षा 01 और 02 के विद्यार्थियों की भाषा और गणित विषय के लिए न्यूनतम दक्षताओं के मानक बनाए गए हैं। इसका उद्देश्य बच्चों को अपनी कक्षा के तहत न्यूनतम जानकारी हो सके। इसका आकलन डायट में अध्ययनरत डीएलएड प्रशिक्षुओं ने एप से किया था। बताया जा रहा है कि जब किसी विद्यालय के कक्षा 01 और कक्षा 02 में पढ़ने वाले 80 प्रतिशत छात्र निपुण लक्ष्य एप के जरिए प्राप्त कर लेते हैं तो उस विद्यालय को निपुण घोषित किया जाता है। एप के माध्यम से छात्रों को निर्धारित समय में प्रवाह के साथ शब्दों और दी गई कहानी पढ़नी होती है। गणित के 04 प्रश्नों में से 03 को हल करना होता है।

> जिन डीएलएड प्रशिक्षुओं को परिषदीय विद्यालयों के अध्यापक ट्रेनिंग व नंबर देते हैं। उन्हीं शिक्षकों ने डीएलएड विद्यार्थियों ने स्कूलों को निपुण करने के लिए चार से छह हजार रुपये घूस मांगी। यह हाल कन्नौज समेत कई जिलों का रहा। जांच का विषय है कि किसके कहने पर ऐसा हुआ। प्रशिक्षुओं की ओर से रुपये मांगने का यह पहली बार मामला जनपद में हुआ है।
>
> -रजत परिहार, जिलाध्यक्ष- प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन


हसेरन सीएचसी पर टीकाकरण की शुरुआत करतीं विधायक अर्चना पाण्डेय व वैक्सीनेशन करते एसीएमओ डॉ.. जितेंद्र नाग व अन्य। अमृत विचार

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव को टीकाकरण की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** छिबरामऊ सीएचसी में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये टीकाकरण अभियान की शुरुआत की गई है। एसीएमओ जितेंद्र नाग ने की अगुवाई में वैक्सीनेशन कराया गया।

जिले में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये टीकाकरण की शुरुआत छिबरामऊ सीएचसी से कर दी गई है। विधायक अर्चना पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में 14 वर्ष की किशोरियों को वैक्सीन लगाई गई। सीएमओ डा. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि जिले में वैक्सीन पर्याप्त मात्रा में है। किशोरियों को अभिभावकों से अपील की है कि वह अपनी पुत्री को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये वैक्सीन हर हाल में लगवायें। यह वैक्सीन 14 से 15 वर्ष तक की की किशोरियों को लगाई जा रही है। यह वैक्सीनेशन प्रति दिन सुबह 09 बजे से दो बजे तक किया जायेगा। बताया कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये उपयोगी है। इसके लगवाने से काफी हद कर कैंसर जैसे गंभीर रोग से बचाव कर सकता है। छिबरामऊ विधायक ने किशोरियों को इस के लिये प्रेरित किया। कहा कि प्रत्येक किशोरी के माता पिता को चाहिये कि वह अपनी पुत्री को गंभीर बीमारी से बचाने के लिये वैक्सीनेशन अवश्य कराएं।

## रेलवे कर्मचारी को साइबर ठगों ने लगाया एक लाख रुपये का चूना

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- व्हाट्सअप नंबर पर अपडेट लिखकर मोबाइल किया हैक
- कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच की शुरू

**अमृत विचार।** रिफंड खाते में मंगाने के लिये एक नंबर से साइबर ठग ने फोन किया। इसके बाद व्हाट्सअप नंबर भेजा। इस पर एप अपडेट करने को कहा। इसके बाद मोबाइल हैक कर खाते से एक लाख रुपये पार कर दिये। मैसेज आने पर जानकारी हुई। मामले की शिकायत सदर कोतवाली पुलिस से की गई है।

रेलवे कालोनी निवासी कर्मचारी संदीप कुमार पुत्र महावीर सिंह मूल निवासी गढिया बारामऊ थाना अरवल जनपद हरदोई ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 09 मार्च को उसका पार्सल एजेआईओ एप से रिटर्न होना था। इसका रिफंड खाते में आना था। उसके मोबाइल पर एक फोन कॉल आई कहा गया कि व्हाटंसअप नंबर भेज रहा हूं इस पर एक एप अपडेट करें। पीड़ित ने न तो कोई ओटीपी दिया न ही किसी तरह की डिटेल की जानकारी दी। एप अपडेट करते ही उसका मोबाइल साइबर ठगों ने हैक कर लिया। उसने मोबाइल को बंद करने का प्रयास किया पर वह बंद भी नहीं हुआ। पांच मिनट तक मोबाइल हैक रहने के बाद ठीक हो गया। इस के बाद उसके मोबाइल कर तीन अलग अलग मैसेज आये, जिसमें बैंक खाते से 95000 रुपये, 4000 रुपये, व 1000 रुपये निकाल लिये गये। इस तरह से कुल 1,00000 रुपये साइबर ठगों ने खाते से निकाल लिये। इस के बाद उसने तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। इस के 30 मिनट के बाद बैंक में शिकायत की। फ्राड के मामले में पीडित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दूसरे दिन भी चलती रहीं ठंडी हवाएं, छाया कोहरा

**कन्नौज।** दो दिन से मौसम में आई नरमी दूसरे दिन भी जारी रही। खास बात यह रही कि मार्च में दूसरी बार कोहरे का असर देखने को मिला। गुरुवार की शाम से ही मौसम में बदलाव आ गया था जिसके चलते तेज ठंडी हवाओं के साथ बादलों ने भी आसमान में डेरा जमाया था। शुक्रवार को सुबह से ही बादलों के साथ बूंदाबांदी तो कभी रिमझिम बारिश होती रही और तेज सर्द हवाएं चलती रहीं। शनिवार को सुबह से ही कोहरे की घनी चादर फैली नजर आई। इससे पहले भी मार्च में कोहरा छा चुका है। कृषि मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र यादव ने बताया कि अभी पश्चिमी विक्षोभ का असर बना हुआ है जिसके चलते बादल और कोहरा जैसी स्थिति सामने आई। अधिकतम तापमान 27 जबकि न्यूनतम 15 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। पछुआ हवाएं 12-14 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलती रहीं ।

## घर में घुसे युवक ने युवती को गलत नीयत से दबोचा

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- परिजनों के जागने पर युवक ने अपने को कमरे में किया बंद

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली के एक गांव में दीवार लांघ कर घर में घुसे युवक ने युवती के कमरे में पहुंच कर उसे गलत नीयत से दबोच लिया। शोर मचाने पर पहुंचे परिजनों को देख युवक ने अपने को मकान के एक कमरे में बंद कर लिया। सूचना पर युवक के परिजन लाठी डंडा लेकर पीड़ित के घर में घुस गये जहां तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की है।

एक गांव की युवती 19 मार्च की रात अपने मकान के कमरे में सो रही थी। रात के समय गांव का ही निवासी मदन मोहन दीवार फांदकर घर में घुस गया। जिस कमरे में युवती सो रही थी उसमें पहुंच कर उससे छेड़छाड़ करने लगा। युवती के शोर मचाने पर परिजन जाग गये। पीड़िता की मां ने अपने परिजनों को मौके पर बुला लिया।

इस पर युवक ने मकान के अंदर कमरे में खुद को बंद कर लिया। पीड़िता ने पुलिस को इसकी जानकारी फोन से दी। इससे नाराज युवक के परिजनों ने मकान में घुस कर उसे मुक्त कराते हुए लाठी डंडों से हमला कर पीड़ित पक्ष के तीन लोगों को घायल कर दिया। उधर जानकारी पर यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची और छीनबीन की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मदन मोहन व उनके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

**सामूहिक विवाह** — 02 मुस्लिम जोड़ों ने निकाह किया कुबूल, मंत्री ने नवविवाहितों को दिया आशीर्वाद

# अग्नि को साक्षी मान 101 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में एक- दूसरे को माला पहनाते वर- वधू।


पंडाल में पुष्प वर्षा करते समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण।

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत पीएसएम पीजी कॉलेज में हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज परिसर में समाज कल्याण विभाग की ओर से आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कुल 103 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंध गए। इसमें दो मुस्लिम जोड़ों ने भी निकाह किया। नवविवाहित जोड़ों को समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने आशीर्वाद देकर पुष्प वर्षा की।

शनिवार को आयोजित हुए कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर हो रहे सामूहिक विवाह अत्यंत शुभ और मंगलकारी है। उन्होंने कहा, विवाह केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं, बल्कि दो परिवारों के बीच विश्वास, प्रेम और संस्कारों का अटूट बंधन है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक युवा स्वावलंबी बने, अपने कौशल और शिक्षा के बल पर आगे बढ़े तथा 'सीएम युवा उद्यमी' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्वरोजगार अपनाकर आत्मनिर्भर भविष्य का निर्माण करे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को आधार से जोड़कर पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सरल बनाया गया है, जिससे पात्र लाभार्थियों को बिना किसी बाधा के योजना का लाभ मिल सके। यह योजना निर्धन एवं जरूरतमंद परिवारों के लिए एक सशक्त सहारा बनकर उभरी है। जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि योजना के तहत प्रति जोड़ा 01 लाख रुपये व्यय होता है जिसमें 60 हजार रुपये कन्या के बैंक खाते में भेजे जाते हैं। 25 हजार रुपये की उपहार सामग्री दी जाती है। 15 हजार रुपये विवाह आयोजन पर खर्च होता है।

## बुजुर्गों को प्रशिक्षण के माध्यम से बनाया जा रहा हुनरमंद

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** आदर्श जन कल्याण एवं शिक्षा समिति द्वारा भारत सरकार एवं समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश की 'अटल वयो अभ्युदय योजना' के तहत वरिष्ठ नागरिकों को प्रशिक्षण के माध्यम से हुनरमंद बनाया जा रहा है।

वृद्धाश्रम पुलिस लाइन कन्नौज में 16 से 24 मार्च तक विभिन्न गतिविधियां चल रहीं हैं। इनका उद्देश्य वृद्धाश्रमों में रह रहे वरिष्ठ नागरिकों को व्यस्त रखना और उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर या कौशल युक्त बनाना है। साथ ही समाज के विभिन्न वर्गों को वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं, अधिकारों और सम्मान के प्रति जागरूक करना भी है। छठे दिन शनिवार को पहले चरण में जितेन्द्र प्रताप सिंह थानाध्यक्ष सदर कन्नौज द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने वृद्धजनों से समन्वय स्थापित कर उनकी समस्याएं जानी। दूसरे चरण में जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में वृद्धाश्रम कन्नौज के वृद्धों को लिफाफा बनाना सिखाया गया। इस दौरान नरेंद्र सिंह छात्रावास अधीक्षक (समाज कल्याण विभाग कन्नौज) भी मौजूद रहे।


कार्यक्रम का शुभारंभ करते जिला समाज कल्याण अधिकारी वेदप्रकाश मिश्रा।

**न्यूज ब्रीफ**

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**अमृतपुर।** थाना राजेपुर क्षेत्र में शुक्रवार रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम हमीरपुर सोमवंशी निवासी आनंद (18), मनोज (17) व विपिन (18) शुक्रवार रात करीब 9.45 बजे मोटरसाइकिल से कस्बा राजेपुर से अपने गांव लौट रहे थे। जैसे ही वे राजेपुर तिराहे से जमापुर मार्ग पर लगभग एक किलोमीटर आगे कोल्ड स्टोर के पास पहुंचे, तभी आगे चल रही एक अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से उनकी बाइक जोरदार तरीके से टकरा गई। हादसा इतना भीषण था कि आनंद पुत्र जगतपाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि मनोज पुत्र रक्षपाल और विपिन पुत्र कल्लू गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भिजवाया, जहां उनका उपचार जारी है।वहीं मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए फतेहगढ़ मोर्चरी भेज दिया गया है। घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखी। प्रभारी निरीक्षक सुदेश कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि मामले में अभी तक तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर मिलने के बाद आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। अज्ञात ट्रैक्टर-ट्रॉली की तलाश भी की जा रही है। इस हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

### ट्रैक्टर-बाइक की टक्कर में दो घायल

**फर्रुखाबाद।** बढ़पुर ब्लाक क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में दो बाइक सवार घायल हो गए। मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के गांव बरौन के पास बाईपास रोड पर मिट्टी लदे एक ट्रैक्टर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। घायलों को लोहिया जिला अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया है।

थाना कम्पिल क्षेत्र के गांव गौरखेड़ा निवासी जितेंद्र मिश्रा पुत्र मातादीन मिश्रा और उनके साथी राजवीर सिंह फर्रुखाबाद से दवा लेकर अपने घर वापस लौट रहे थे, तभी ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने जानकारी दी कि जितेंद्र मिश्रा के पैर में फ्रैक्चर हो गया है और उन्हें भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है। उनके साथी राजवीर सिंह की स्थिति सामान्य बताई गई है। दुर्घटना के बाद 108 एंबुलेंस की मदद से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया और उनके परिजनों को सूचित किया गया।

### निकली ज्योति कलश रथ यात्रा

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज में अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित 'ज्योति कलश रथ यात्रा महोत्सव' का भव्य स्वागत किया गया। यह यात्रा समाज में आध्यात्मिक चेतना और सकारात्मकता के प्रसार के उद्देश्य से निकाली जा रही है।

गायत्री परिवार के अनुसार, इस रथ में स्थापित ज्योति कलश शांतिकुंज हरिद्वार की अखंड ज्योति का प्रतीक है। इसमें गुरुदेव की तपस्या की ऊर्जा समाहित मानी जाती है। आयोजकों ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य वातावरण को शुद्ध करना, समाज में प्रेम और सद्भाव बढ़ाना तथा घर-घर में सुसंस्कारों का बीजारोपण करना है। गायत्री परिवार ने जनपदवासियों से इस दुर्लभ आध्यात्मिक अवसर का लाभ उठाने और कलश पूजन में सम्मिलित होकर जीवन में सुख-समृद्धि के मार्ग प्रशस्त करने की अपील की है। इस अवसर पर राकेश गुप्ता, ठाकुर रवेन्द्र सिंह, बीके यादव, सुधीर पाल, नीरज गुप्ता, पप्पू पाल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### चाय की दुकान पर हुई मारपीट, लूट का आरोप

**अमृतपुर।** कमालगंज क्षेत्र में एक कोल्ड स्टोर के बाहर स्थित चाय की दुकान पर दबंगों ने मारपीट कर नकदी लूट ली। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार, चाय की दुकान पर कुछ लोग बैठे थे। इसी दौरान कुछ दबंग वहां पहुंचे और दुकानदार से किसी बात को लेकर विवाद करने लगे। विवाद जल्द ही मारपीट में बदल गया। आरोप है कि दबंगों ने दुकानदार को पीटने के बाद दुकान में रखी नकदी लूट ली और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया और आसपास के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई। इस संबंध में थाना अध्यक्ष ललित कुमार ने बताया कि उन्हें तहरीर मिल गई है।

# ईद की नमाज में की मुल्क की खुशहाली की दुआ

## मोहल्लों की मस्जिदों में पढ़ी गई नमाज-ए-ईद, इस्लामी उसूलों पर चलने व भाईचारे का दिया संदेश, एक दूसरे को दी बधाई

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** शनिवार को ईद-उल-फित्र के मौके पर मुसलमानों ने ईदगाहों में पहुंचकर नमाज-ए-शुक्र अदा की। अल्लाह की मदद के तलबगार बनकर हजारों हाथ उठे। सभी ने अल्लाह तआला से एक आवाज में वतन की तरक्की, खुशहाली और इबादतगाहों की हिफाजत, युद्ध के खात्मे और मुल्क में अमनोअमान के लिए दरबारे खुदा में दुआ मांगी। ईद की नमाज मोहल्लों की मस्जिदों में भी लोगों ने बड़ी संख्या में अदा की। इस दौरान कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही।

ईद-उल-फितर के त्योहार जिले में हर्षोल्लास से मनाया गया। मुसलमानों ने ईदगाहों में जाकर नमाजे शुक्र अदा कर दरबारे खुदा में एक आवाज में वतन की तरक्की, खुशहाली और इबादतगाहों की हिफाजत के लिए दुआ मांगी। खुशी के इस माहौल में बड़े, बूढ़े, जवान सभी को नमाज की फिक्र थी। जो ईदगाह तक नहीं पहुंच पाए, वे खेतों में नमाज के लिए बैठ गए। नई ईदगाह में मौलाना मोअज्जम अली ने पहले खुतबा दिया। उन्होंने फरमाया कि इस्लाम अमन व सलामती का मजहब है, इस्लामी उसूलों को अपनाने से सुकून के साथ जिंदगी बेहतर होगी और अल्लाह व रसूल भी राजी हो जायेंगे।



खुदा के दरबार में ईद की नमाज अदा करते रोजेदार। अमृत विचार



मस्जिद में नमाज अदा करते नन्हें रोजेदार। अमृत विचार

- ईद की नमाज के बाद एक दूसरे के गले मिलकर दी मुबारकबाद

इसके बाद दो रकआत नमाज ईद-उल-फित्र अदा की कराई। यहां पर नमाजियों की भारी भीड़ जमा हुई।

अर्रा पहाड़पुर स्थित पुरानी ईदगाह में मौलाना शमशाद अहमद चतुर्वेदी की इनायत में नमाज अदा की गई। नमाज से पूर्व मौलाना शमशाद अहमद चतुर्वेदी ने दीने इस्लाम पर अमल करने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि आपसी मतभेद भुलाकर भाईचारा कायम करो। उन्होंने मुल्क में अमन, शांति व तरक्की के लिए दुआ की। ईद की नमाज शहर की अन्य मस्जिदों में भी अदा की गई। सूफी खां स्थित दरगाह हुसैनिया मुजीबिया में सज्जादानशीन कारी शाह फसीह मुजीबी ने नमाज अदा कराई। उन्होंने नमाजियों के हक में दुआ की। टाउनहाल रोड स्थित मस्जिद काजी साहब में शहर काजी सेठ मुताहिर अली ने नमाज पढ़ाई। सुनहरी मस्जिद में मौलाना सदाकत हुसैन की इनायत में शिया मुसलमानों ने ईद की नमाज अदा कराई।

फतेहगढ़ ईदगाह में शहर काजी मौलाना राशिद ने नमाज अदा कराई। उन्होंने खैर व बरकत के लिए खुसूसी दुआ मांगी। इसके साथ मोहल्लों की मस्जिदों में भी नमाजें अदा की गई। बड़ी मस्जिद नखास, अफजल नूर, एक मीनारा, गौसिया, आम बाली, शीशम वाली, बंदा खां, बीबी साहब, मोती मस्जिद, रानी साहिबा, दुकानों वाली मस्जिद आदि में बड़ी संख्या में लोगों ने ईद की नमाज अदा कर अल्लाह से दुआ मांगी। इस दौरान ईदगाहों के निकट भारी पुलिसबल मौजूद रहा। जिलाधिकारी डॉ.आशुतोष कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक आरती सिंह सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रखे रहे। अधिकारियों ने भी नमाजियों से गले मिलकर ईद की मुबारकवाद दी। इस अवसर पर हाजी राजा शम्सी, मोहम्मद ताईफ शमसी, नूमान शमसी, बसपा नेता हाजी फजल मंसूरी, फुरकान अहमद, मोहम्मद यूनुस अंसारी, डॉ.अनवार अहमद खाँ, डॉ.अहमद हुसैन खाँ, हाजी तरीक सेठ, ताहिर शेख इंजीनियर, हाजी मुजफ्फर रहमानी, हाजी मुन्ने मियां, अजहर हुसैन, बाकर अली, मो. सलीम, रईस अहमद अंसारी भूरी आदि मौजूद रहे।

इसके साथ ही कायमगंज, अमृतपुर में भी ईद का त्योहार शांतिपूर्वक मनाया गया। ईदगाहों में नमाज अदा कर मुल्क की सलामती की दुआ मांगी गयी। अमृतपुर तहसील क्षेत्र के अलीगढ़, कड़क्का, कुतलूपुर, अमृतपुर, ईमादपुर, गलारपुर, राजपुर, रोशन नगला आदि में ईद के मौके पर मस्जिदों में नमाज अदा की गई और एक दूसरे को गले मिलकर बधाई दीं।

### ईद पर पुलिस प्रशासन रहा पूरी तरह से मुस्तैद

**अमृतपुर।** ईद-उल-फितर के पावन पर्व को जनपद में सकुशल, शांतिपूर्ण एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जिले भर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की गई।

जनपद के सभी क्षेत्राधिकारियों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों में स्थित प्रमुख मस्जिदों, ईदगाहों एवं सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण कर तैनात पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती गई, जहां ड्रोन कैमरों के माध्यम से निगरानी की गई। साथ ही सादे वस्त्रों में पुलिस कर्मियों की तैनाती कर सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाया गया।इसी क्रम में थाना अमृतपुर पुलिस ने भी सराहनीय पहल करते हुए क्षेत्र की मस्जिदों और ईदगाहों पर पहुंचकर लोगों से संवाद किया। थाना प्रभारी रक्षा सिंह स्वयं पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहीं और सभी को ईद की शुभकामनाएं देते हुए आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की।

## पेड़ से लटका मिला अज्ञात सिक्योरिटी गार्ड का शव

संवाददाता कायमगंज

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में शनिवार दोपहर को आम के बाग में संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला। यह बाग रेलवे स्टेशन की पूर्वी पितौरा क्रॉसिंग, कायमगंज-अचरा मार्ग के पश्चिम में स्थित संतोष गंगवार का है। युवक की आयु लगभग 30 से 32 वर्ष बताई जा रही है और पहनावे से वह निजी सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत लग रहा है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाग में छिड़काव के उपकरणों की जांच करने पहुंचे बागबान ने सबसे पहले शव को देखा। उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। युवक ने नीले रंग की पैंट और हल्के नीले रंग की शर्ट पहन रखी थी। उसके दाहिने हाथ में दो अंगूठियां, कलाई में कलावा और एक कड़ा मिला। कमर पर एक प्राइवेट सिक्योरिटी बेल्ट भी बंधी हुई थी। पेड़ के पास से एक पानी की बोतल और एक पिट्ठू बैग भी बरामद हुआ है। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक मदन मोहन चतुर्वेदी व क्राइम इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मृतक की शिनाख्त अभी तक नहीं हो पाई है।

इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है। मौके पर फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया है। फॉरेंसिक जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए फतेहगढ़ भेजा जाएगा।

## डीएम और एसपी ने ईदगाहों का भ्रमण कर परखी सुरक्षा व्यवस्था

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** ईद-उल-फितर के अवसर पर जनपद में कानून-व्यवस्था और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने नगर क्षेत्र के विभिन्न नमाज स्थलों का संयुक्त रूप से भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल उपलब्धता, विद्युत आपूर्ति और यातायात प्रबंधन का गहन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नमाज के दौरान और उसके बाद यातायात व्यवस्था पूरी तरह सुचारू रहे तथा किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए।



ईदगाह के बाहर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ।

उन्होंने साफ-सफाई और जनसुविधाओं को प्राथमिकता देने पर भी जोर दिया।वहीं पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहें। प्रशासन की ओर से जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे आपसी भाईचारे और सौहार्द को बनाए रखते हुए प्रशासन का सहयोग करें, ताकि ईद का पर्व शांति और सद्भाव के साथ मनाया जा सके।

## मुठभेड़ में लूट के दो आरोपी दबोचे, एक के पैर में लगी गोली

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** जनपद में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में लूट का एक आरोपी गोली लगने से घायल हो गया, जबकि एक सिपाही भी फायरिंग में जख्मी हो गया। दोनों घायलों को उपचार के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से घायल बदमाश समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, हाल ही में एक ई-रिक्शा चालक से लूट की घटना को अंजाम दिया गया था, जिसकी तलाश में पुलिस टीम सक्रिय थी। इसी बीच सूचना मिली कि लूट के आरोपी ऊगरपुर नलकूप और मंदिर मार्ग के पास मौजूद हैं। सूचना के आधार पर कोतवाली मोहम्मदाबाद और थाना मऊदरवाजा पुलिस ने संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान संदिग्ध बदमाश पुलिस को दिखाई दिए। पुलिस टीम को देखते ही आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें बदमाश उपेंद्र उर्फ रॉकी के पैर में घुटने के नीचे गोली लग गई। वहीं, बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग में सिपाही दिग्विजय सिंह के हाथ में गोली लगने से वह घायल हो गए।

मुठभेड़ के बाद पुलिस ने घायल बदमाश उपेंद्र समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों घायलों को तत्काल लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि मुठभेड़ में आरोपी घायल हुआ है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सीएमओ ने किया निर्माणाधीन क्रिटिकल यूनिट का निरीक्षण

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार ने शनिवार दोपहर को जिला अस्पताल लोहिया में निर्माणाधीन क्रिटिकल यूनिट सेंटर का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने संबंधित फर्म को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। यह निरीक्षण जिले के प्रभारी मंत्री और उत्तर प्रदेश सरकार में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के हालिया दौरे के बाद हुआ है। मंत्री ने अपनी समीक्षा बैठक में अधूरी परियोजनाओं को 31 मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए थे। शहर के आवास विकास स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया संयुक्त जिला चिकित्सालय में गंभीर मरीजों के इलाज के लिए यह क्रिटिकल यूनिट लगभग एक वर्ष से निर्माणाधीन है।



निर्माणाधीन क्रिटिकल यूनिट सेंटर का निरीक्षण करते मुख्य चिकित्साधिकारी ।

शासन-प्रशासन का जोर है कि यह कार्य 31 मार्च तक पूर्ण हो जाए। मंत्री जयवीर सिंह ने यह भी कहा था कि 31 मार्च तक जो कार्य पूर्ण नहीं होगा, उसकी समीक्षा की जाएगी कि आखिर कहां कमी रह गई है। यदि कोई लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मामले पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अवनींद्र कुमार ने बताया की क्रिटिकल यूनिट का निर्माण दिसंबर 2025 तक पूर्ण होना था। लेकिन इन्होंने 31 मार्च तक की अनुपाती ली है आज 21 मार्च हो गई है, 10 दिन और उनके बच्चे हैं। किसी को मैं आकर देखा गुणवत्ता और जल्दी कार्य खत्म करने के कहां है। इसी में हम लोग भी लगे हैं जल्दी-जल्दी हैंडोवर हो और जनता को लाभ मिल सके।

### दबंगों ने जमीन पर किया कब्जा

**कायमगंज।** कम्पिल स्थित कमरुद्दीन नगर निवासी प्रवेश कुमार ने गांव के दबंगों पर अपनी जमीन पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है।

प्रवेश कुमार ने बताया कि उनकी जमीन पर सरसों की फसल खड़ी थी। आरोप है कि गांव के दबंगों ने उस फसल को काट लिया और अपने घर ले गए। अब वे इस जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। पीड़ित के अनुसार, जब उन्होंने इसका विरोध किया तो दबंगों ने लड़ाई-झगड़ा और मारपीट शुरू कर दी। इस मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से भी की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद प्रवेश कुमार ने जिलाधिकारी से जमीन की जांच कराकर दबंगों से कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई है। जिलाधिकारी दी ने पीड़ित को मामले की जांच करवाकर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## नवरात्रि पर तीसरे दिन मंदिरों में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन शनिवार को देवी मंदिरों में आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालु माता के दर्शन और पूजन के लिए मंदिरों में पहुंचने लगे, जिससे पूरे दिन भक्तिमय माहौल बना रहा।

बढ़पुर स्थित शीतला माता मंदिर, संतोषी माता मंदिर, गुरुगांव देवी मंदिर तथा मठिया देवी मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसरों में "जय माता दी" के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। नवरात्रि के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा कर सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। कई भक्तों ने व्रत रखकर दिनभर भक्ति में लीन रहे। मंदिरों के बाहर प्रसाद, फूल-माला और पूजा सामग्री की दुकानों पर भी खासा रौनक देखने को मिली। महिलाओं और बच्चों में विशेष उत्साह नजर आया। वहीं कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और देवी जागरण का आयोजन भी किया गया। भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस विभाग भी सतर्क नजर आया।



गुरुगांव देवी मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु। अमृत विचार

मंदिरों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर वर्ष की तरह इस बार भी नवरात्रि में भक्तों की आस्था देखने लायक है।

**जागरूकता** | मिशन शक्ति अभियान 5 .0 के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

## छात्राओं-महिलाओं को साइबर सुरक्षा, योजनाओं की जानकारी दी

संवाददाता अमृतपुर

**अमृत विचार।** जनपद में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक फतेहगढ़ के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान 5.0 लगातार प्रभावी ढंग से संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में थाना अमृतपुर की मिशन शक्ति टीम द्वारा क्षेत्र में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं और बालिकाओं ने भाग लिया।

अभियान के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक अपराध, बालिकाओं के अधिकार, नवीन कानूनों, साइबर अपराध एवं डिजिटल सुरक्षा के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। टीम ने बताया कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, अज्ञात कॉल/लिंक से सावधान रहने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को देने की आवश्यकता है। इसके साथ ही महिलाओं को घरेलू हिंसा, छेड़छाड़, स्टॉकिंग, दहेज उत्पीडऩ जैसे अपराधों के बारे में जागरूक करते हुए उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। पुलिसकर्मियों ने विभिन्न महिला हेल्पलाइन नंबरों, आपातकालीन सेवाओं और शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया, ताकि जरूरत पडऩे पर महिलाएं तुरंत सहायता प्राप्त कर सकें।




महिलाओं छात्राओं को जागरूक करती अमृतपुर पुलिस। अमृत विचार

मिशन शक्ति टीम द्वारा जागरूकता पंपलेट वितरित कर महिलाओं को जागरूक किया गया और उन्हें यह संदेश दिया गया कि वे किसी भी प्रकार की समस्या या उत्पीडऩ की स्थिति में चुप न रहें, बल्कि निडर होकर अपनी बात सामने रखें और पुलिस की मदद लें। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें आत्मनिर्भर बनाना और समाज में सुरक्षित वातावरण तैयार करना है। उन्होंने यह भी कहा कि मिशन शक्ति अभियान के तहत ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आगे भी लगातार चलाए जाएंगे, जिससे जनपद की हर महिला तक सुरक्षा और अधिकारों की जानकारी पहुंच सके।

यह अभियान न केवल महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर रहा है, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

## पुरानी पेंशन बहाली का रास्ता साफ होने से शिक्षकों में खुशी

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** प्रदेश शासन ने अमेलित विषय विशेषज्ञ शिक्षकों को राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना( ओपीएस) के विकल्प में शामिल करने की ऐतिहासिक अनुमति दे दी है।

आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष डा. आशा लता सिंह एवं उपाध्यक्ष रेखा सिंह ने जानकारी देकर बताया कि शासन के इस निर्णय से शिक्षकों को सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा प्रदान होगी। इस फैसले से हजारों शिक्षकों को आर्थिक सुरक्षा मिलेगी, इसी के साथ उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी, शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी एवं महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा भी इस पुरानी पेंशन बहाली योजना को आदेशित के लिए काफी लंबे समय से प्रयासरत थे। आदर्श माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष संजीत कुमार गंगवार एवं महामंत्री विजेंद्र मथुरिया, ने संयुक्त रूप से बताया कि फर्रुखाबाद जिले में लगभग 32 आमेलित विषय विशेषज्ञ शिक्षक हैं और इसमें से कुछ रिटायर्ड भी हो चुके हैं। इन सभी को इस योजना का लाभ मिलेगा। इस मौके पर शिक्षक नेता संतोष कुमार दुबे, रजनीश शिवा, महाराज सिंह, सत्येंद्र सिंह, प्रधानाचार्य शिवओम दुबे, सुनील कुमार परमार, अवधेश कुमार यादव आदि ने स्वागत किया है ।

न्यूज ब्रीफ

### पिकअप की टक्कर से दो लोग घायल

**कुदरकोट।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के नंगला विद्दि के पास सर्विस रोड पर तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार दो लोगों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद पिकअप चालक मौके से फरार हो गया, जिससे इलाके में आक्रोश भी देखा गया। हादसे में बाइक सवार दीपू पुत्र अभयराम और कमलेश कुमारी पत्नी जबर सिंह, निवासी रघुनाथपुर सकरावा, जनपद कन्नौज सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर कुदरकोट थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां दोनों का इलाज जारी है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और जल्द ही फरार चालक के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### सभासदों का किया गया स्वागत

**बिधूना।** नगर पंचायत बिधूना में शासन से नामित किए गए एक महिला सहित तीन सभासदों का उनके समर्थकों ने आवास पर पहुंच कर जोरदार स्वागत किया। नगर के लोगों ने कहा कि शासन ने ऐसे कार्यकर्ताओं को सभासद के पद पर नामित कर सराहनीय कार्य किया है। कहा सभासदों के सहयोग से नगर पंचायत के विकास कार्यों को गति मिलेगी और नगर की जन समस्याओं का निराकरण हो सकेगा। नामित सभासदों ने कहा कि शासन ने उन पर जो विश्वास प्रकट किया है उस पर वह खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर गोरेलाल चक्रवर्ती विमल अनिल कुमार अमित कुमार रोहित कुमार अंकित कुमार गौरव शैलेंद्र कुमार , दादा,पिंटू शाक्य, आनंद गुप्ता आदि मौजूद रहे। ज्ञातव्य हो कि शासन द्वारा बीते दिवस पूर्व सभासद सतीश प्रजापति ,नीलेंद्र कुमार उर्फ नीलू चक्रवर्ती, सविता राजावत को नगर पंचायत में सभासद के पद पर नामित किया गया था। उधर सविता राजावत के आवास पर भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहुंच कर जोरदार स्वागत किया गया।

### समाजसेवी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**बिधूना।** क्षेत्र के ग्राम लालपुर निवासी 75 वर्षीय समाजसेवी राजबहादुर सिंह राजावत का उपचार के लिए कानपुर ले जाते समय रास्ते में ही निधन हो गया। जैसे ही उनका पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव लालपुर पहुंचा तो भारी संख्या में लोग श्रद्धांजलि अर्पित करने उनके गांव पहुंच गये ।इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि आदर्श ठाकुर,वरिष्ठ भाजपा नेता दिनेश सिंह कुशवाह , रचना सिंह सेंगर पूर्व जिला पंचायत सदस्य,रविन्द्र प्रताप सिंह गौर पूर्व प्रधानाध्यापक,नीरज सिंह सेंगर प्रबंधक जनता इंटर कालेज, राव गजेंद्र सिंह सेंगर, डाक्टर घनश्याम सिंह सेंगर रामनरेश सिंह राजावत, संजय सिंह उर्फ गुड्डा सेंगर डीपी सिंह सेंगर अरविंद प्रताप देव , दिनेश सिंह सेंगर पूर्व प्रधान , धनंजय सिंह सेंगर संजय सिंह राजावत जसकरन सिंह राजावत आदि ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के कर्मियों ने भी उनके पैतृक गांव पहुंच कर शोकाकुल परिवारी जनों एवं उनके पुत्रों श्यामू राजावत आदि को ढांढस बंधाया। शुक्रवार को शोकाकुल माहौल में गांव में ही कृषि फार्म पर दाह संस्कार कर दिया गया। बिधूना के लोग उनकी अंत्येष्टि में शामिल रहे।

## ईद-उल-फितर : नमाज के बाद एक-दूसरे को गले लगाकर दी बधाई

औरैया, टीम





फफूंद में नमाज अदा करते नमाजी। रूरुगंज में नमाज अदा करते समुदाय के लोग। बिधूना में एक-दूसरे को बधाई देने को मौजूद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले भर में शनिवार को ईद का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास व अमन के साथ मनाया गया। इस दौरान नगर व ग्रामीण इलाकों के हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों ने नगर की प्रमुख ईदगाह सहित मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की।

नगर के बाईपास स्थित मुख्य ईदगाह में मौसम को देखते हुए सुबह साढ़े आठ बजे आस्ताना आलिया समदिया के साहिबे सज्जादानशीन हुजूर सैय्यद अख्तर मियां चिश्ती की मौजूदगी में ईदगाह के पेश इमाम सैयद नवाज अख्तर ( चिश्ती मियां ) ने हजारों मुस्लिम समुदाय के लोगों को ईद की नमाज अदा करायी। वहीं कस्बे की बाबा का पुरवा स्थित ईदगाह में सुबह 8:15 बजे कारी राशिद जमई, जामा मस्जिद आस्ताना आलिया समदिया में हुजूर सैयद अब्दुल्लाह मियां चिश्ती ने नमाज अदा करायी। नमाज के दौरान उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी के अलावा फफूंद थानाध्यक्ष अजय कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

बिधूना संवाददाता के अनुसार मौलाना जुबेर ने संबोधन में कहा कि ईद का त्योहार हमें आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ मिलजुलकर रहने की प्रेरणा देता है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत मस्जिद परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। मौके पर एसडीएम बिधूना गरिमा सोनकिया,नायब तहसीलदार रुचि मिश्रा,क्षेत्राधिकारी पी पुनीत मिश्रा, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान थाना अध्यक्ष गंगादास गौतम,राजेश सिंह थाना प्रभारी सहार आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर आदर्श मिश्रा चेयरमैन अमित बाथम पूर्व चेयरमैन, रमेश चंद्र अग्निहोत्री प्रमोद गुप्ता एल एस पूर्व विधायक ,राव गजेंद्र सिंह सेंगर, प्रदीप कश्यप पूर्व प्रत्याशी नगर पंचायत अध्यक्ष, मोरध्वज सभासद, देवेंद्र सिंह एडवोकेट आदि ने ईंद की मुबारकबाद दी।

रूरुगंज संवाददाता के अनुसार सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग परवरदिगार का शुक्र अदा करने और सजदा करने के लिए रुरुगंज की मस्जिद की ओर उमड़ पड़े। नमाज शुरू होने से पहले ही मस्जिद में नमाजियों से खचाखच भर गया। करीब साढ़े आठ बजे मस्जिद के पेश इमाम हाफिज मुहम्मद मुजाहिद ने नमाज अदा कराई और इसके बाद खुतबा सुनाया। उपजिलाधिकारी गरिमा सोनकिया, क्षेत्राधिकारी पी पुनीत मिश्रा और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान के नेतृत्व में पुलिस बल ने मस्जिदों सहित पूरे क्षेत्र में चाक-चौबंद व्यवस्था बनाए रखी।

## ट्रेन में चढ़ते समय दरोगा गिरकर घायल,इलाज के दौरान गई जान

### जिला न्यायालय में तैनात थे बांदा निवासी सूरज बली, हादसे के बाद परिजनों में हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** फफूंद रेलवे स्टेशन पर शनिवार दोपहर को ट्रेन में चढ़ने के दौरान संतुलन बिगड़ने से एक दरोगा प्लेटफॉर्म पर गिर पड़े, जिससे उनके सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, बांदा निवासी दरोगा सूरज बली (48) पुत्र गंगवा की तैनाती औरैया जिला न्यायालय में थी। वह औरैया में किराए के कमरे में अकेले रहते थे, जबकि उनका परिवार बांदा में रहता है। शनिवार को वह बांदा जाने के लिए निकले थे। औरैया से बांदा के लिए सीधी ट्रेन न होने के कारण उन्हें पहले कानपुर जाना था, जहां से दूसरी ट्रेन पकड़नी थी। बताया जा रहा है कि कामाख्या एक्सप्रेस का फफूंद स्टेशन पर आधिकारिक ठहराव नहीं है, लेकिन ट्रेन के धीमा होने पर लोग अक्सर उसमें चढ़ने का प्रयास करते हैं। दोपहर करीब 12:50 बजे जैसे ही ट्रेन स्टेशन पर धीमी हुई, दरोगा सूरज बली उसमें चढ़ने लगे। इसी दौरान उनका संतुलन बिगड़ गया और वह प्लेटफॉर्म पर मुंह के बल गिर पड़े। हादसे के बाद मौके पर मौजूद एक सफाईकर्मी ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक वह गिर चुके थे। गंभीर रूप से घायल दरोगा को तत्काल एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) दिबियापुर ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के दौरान उनकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उन्हें मेडिकल कॉलेज चिचौली रेफर कर दिया।

बताया गया कि सीएचसी पहुंचने तक वह होश में थे, लेकिन मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर दिबियापुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को भी सूचना दे दी है। इस घटना के बाद रेलवे स्टेशन पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोगों में शोक की लहर दौड़ गई।

### ट्रेन में बिगड़ा स्वास्थ्य, सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत

**दिबियापुर (औरैया)।** गोमती एक्सप्रेस से दिल्ली से लखनऊ जा रहे एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल व रेलवे पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा भरवाया है। जानकारी के अनुसार लखनऊ के आलमबाग निवासी मानवेंद्र सिंह (50) शुक्रवार रात 10 बजे गोमती एक्सप्रेस कोच नंबर डी-1 की सीट संख्या 48 पर यात्रा कर रहे थे। सफर के दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई। रेलवे को सूचना मिलने पर रेलवे सुरक्षा बल ने उन्हें ट्रेन से उतारकर नगर स्थित सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर रेलवे पुलिस मौके पर पहुंच गई। चौकी प्रभारी अजीत सिंह व हेड कांस्टेबल सत्यपाल सिंह और छबिराम सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। प्रथम दृष्टया मौत का कारण हृदय गति रुकना प्रतीत हो रहा है। बताया गया कि मृतक नोएडा की एक निजी कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। अपने पीछे दो बेटियों को छोड़ गए है।

## जर्जर अछल्दा-अंधियारी मार्ग पर बाइक फिसली, दो लोगों घायल

संवाददाता, अछल्दा

**अमृत विचार।** अंधियारी मार्ग पर शनिवार दोपहर एक सड़क हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। जर्जर सड़क पर बाइक अनियंत्रित होकर गिरने से यह दुर्घटना हुई। डॉक्टर ने घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना अछल्दा- अंधियारी मार्ग पर योगीराज महाविद्यालय के पास करीब 3:40 बजे हुई। भैसोल गांव निवासी अर्पित दोहरे पुत्र अमर सिंह दोहरे और बबलू दोहरे पुत्र रामऔतार दोहरे अछल्दा बाजार से अपने गांव भैसोल लौट रहे थे। तभी गड्ढों से भरी सड़क पर उनकी पल्सर बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई।

हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय राहगीरों ने तुरंत डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने थाना प्रभारी पंकज मिश्रा, सिपाही धीरज कुमार और विनोद कुमार के साथ मिलकर घायलों को सरकारी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अछल्दा पहुंचाया। सीएचसी अछल्दा में डॉ. गौरव कुमार ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। सिर में गंभीर चोटें होने के कारण उनकी हालत नाजुक देखते हुए उन्हें तत्काल जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने सोनू बताया कि यह मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है और गड्ढों में तब्दील है, जिसके कारण आए दिन ऐसे हादसे होते रहते हैं। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।



घायल को अस्पताल ले जाती पुलिस। अमृत विचार

- अछल्दा बाजार से लौट रहे युवकों को गंभीर चोटें आईं

## नहर में कूदी युवती, बचाई जान

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र अछल्दा में एक युवती द्वारा नहर में कूदने का मामला सामने आया है। समय रहते स्थानीय लोगों की सतर्कता से युवती की जान बच गई।

जानकारी के अनुसार संध्या कुमारी पुत्री शिशुपाल, निवासी सिंगपुर रुरुगंज, कोतवाली बिधूना अपनी बहन के साथ बाजार आई थी। बाजार से लौटते समय वह ई-रिक्शा से अपनी बहन के साथ अछल्दा थाना क्षेत्र के गांव गपकापुर अड्डा जा रही थी। बताया जाता है कि जैसे ही ई-रिक्शा अछल्दा नहर पुल पर पहुंचा, तभी संध्या अचानक वाहन से उतर गई और बिना कुछ कहे नहर में छलांग लगा दी। यह देखकर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। घटना को देख रहे आरके सेंगर और किशन सेंगर ने तुरंत साहस दिखाते हुए नहर में कूदकर युवती को बाहर निकाला। उनकी तत्परता से जान बच गई। सूचना पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और युवती को आवश्यक उपचार के लिए भेजा गया।

### गैस एजेंसी में जबरन दे रहे थे गैस के साथ पाइप

**बेला।** इन दिनों एलपीजी सिलिंडर को लेकर क्षेत्र में अलग-अलग चर्चाएं है। जिसमें बेला की मीना गैस एजेंसी पर पिछले कई दिनों से गैस सिलिंडर के साथ पाइप जबरन दिया जा रहा था और उपभोक्ताओं से 1130 रुपये लिए जा रहे थे। जिससे उपभोक्ता परेशान हो रहे थे। खबर छपने पर अधिकारियों ने मामले पर संज्ञान लिया और शुक्रवार शाम जिला पूर्ति निरीक्षक बेला चौराहा पर कई लोगों से मीना गैस एजेंसी के बारे में पूछताछ की। जिसमें लोगों ने उन्हें पाइप दिखाते हुए सत्यता बताई की एजेंसी पर पाइप जबरन दिया जा रहा है और 1130 रुपये लिए जा रहे हैं। जिसके बाद शनिवार को मीना गैस एजेंसी प्रशासन ने अपने रवैया में सुधार करते हुए उपभोक्ताओं को बिना किसी शर्त के 902 रुपये में सिलेंडर दिए, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की।

## दो पक्षों में मारपीट, ईंट-पत्थर लाठी-डंडे चले, सात घायल

संवाददाता, कुदरकोट (औरैया)

**अमृत विचार।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के गांव कठगोर में शुक्रवार रात शुरू हुआ मामूली विवाद शनिवार सुबह खूनी संघर्ष में बदल गया। दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले।

गांव निवासी गौरव यादव शुक्रवार रात दूध देकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में उनकी मुलाकात शिवकुमार से हो गई, जहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ने पर गौरव के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी। पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी, लेकिन मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें थाने जाकर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। इसके बाद गौरव ने उसी रात थाने पहुंचकर तहरीर दी, लेकिन देर रात तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से दोनों पक्षों में तनाव बना रहा। शनिवार सुबह यह विवाद एक बार फिर भड़क उठा। बताया जा रहा है कि सौरभ का भाई गौरव अपने खेत की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में शिवकुमार के परिजनों से उसका सामना हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और विवाद ने उग्र रूप ले लिया। कुछ ही देर में दोनों ओर से लाठी-डंडे, ईंट-पत्थर चलने लगे। इसी दौरान झगड़े में महिलाएं भी पीछे नहीं रहीं और उन्होंने भी ईंट-पत्थर फेंके। इस दौरान एक युवक को गिराकर उसके चेहरे पर ईंट से वार किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट का यह नजारा काफी देर तक चलता रहा और मौके पर अफरा-तफरी मची रही। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल उपचार के लिए एरवाकटरा सीएचसी भेजा गया। घायलों में एक पक्ष से रत्नेश यादव, रेखा देवी, अजीत यादव और जयवीर यादव, जबकि दूसरे पक्ष से अर्जुन यादव, शिवम कुमार और शिवकुमार शामिल हैं। डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल शिवम कुमार को बेहतर इलाज के लिए उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई रेफर किया है। वहीं रत्नेश यादव, अर्जुन यादव और जयवीर यादव को जिला अस्पताल चिचौली भेजा गया है, जहां उनका इलाज जारी है। थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायलों को उपचार के लिए भेजा है।

- खबर लिखे जाने तक दोनों पक्षों की ओर से नहीं दी गई तहरीर

## शिव मंदिर में हुआ भंडारा

संवाददाता, अछल्दा

**अमृत विचार।** कस्बा के सराय बाजार स्थित शिव मंदिर में नवरात्रि के अवसर पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। शनिवार शाम करीब 5 बजे से भक्तों को प्रसाद वितरण शुरू हुआ। इस भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल देखा गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्याम दास वर्मा, सुरेंद्र सिंह सर्राफा, अमित ठहर, सभासद मनोज, मोबाइल बिल्लू, बिहारी, गौरव, अखिलेश दीक्षित, मनी पंडित और अंकुर सहित अमरदीप जैसे कई लोगों ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया। सभी के सामूहिक प्रयासों से भंडारे का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

जागरण

कुदरकोट थाना क्षेत्र के वैवाह गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में हुआ कार्यक्रम

## भजनों, झांकियों की प्रस्तुतियों पर झूमे श्रद्धालु

संवाददाता, कुदरकोट (औरैया)

**अमृत विचार।** कुदरकोट थाना क्षेत्र के गांव वैवाह स्थित शिव मंदिर पर शुक्रवार रात माता रानी का भव्य जागरण श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ आयोजित किया गया। जागरण में आकर्षक झांकियों और देवी भजनों ने ऐसा समां बांधा कि श्रद्धालु पूरी रात भक्ति में लीन होकर झूमते नजर आए। कार्यक्रम का समापन शनिवार सुबह तारा रानी की कथा और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। जागरण का शुभारंभ आयोजक समिति के पदाधिकारियों द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित कर और माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायिका रिंकू बेवफा ने गणेश वंदना गजानन आ जाओ से की, जिसके बाद उन्होंने माता के भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों में नई ऊर्जा का संचार किया। जागरण के दौरान कलाकारों द्वारा भगवान शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण, लड्डू गोपाल, हनुमान, मां काली और मां दुर्गा की आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। इन भव्य झांकियों को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और भक्ति रस में डूबकर झूमने लगे। पूरी रात चले इस धार्मिक आयोजन में विभिन्न कलाकारों ने एक से बढ़कर एक देवी गीत प्रस्तुत किए। कानपुर से आई गायिका अर्चित ठाकुर ने भी अपनी मधुर प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। इसके अलावा गायक शालू वर्मा, दिनेश कुमार सहित अन्य कलाकारों ने निमिया की डाल मईया, हम तेरे द्वार आए हैं मां, ए हो थावे वाली मईया, चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है और मइया का चोला लाल-लाल जैसे भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जागरण में माता रानी के दरबार को भव्य रूप से सजाया गया था। आसपास के गांवों और क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और माता रानी के दरबार में माथा टेककर अपने परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। अलसुबह आरती के साथ जागरण का समापन हुआ। पूरे आयोजन के दौरान भक्तिमय वातावरण बना रहा और क्षेत्र में श्रद्धा व आस्था की अद्भुत छटा देखने को मिली। इस मौके पर कन्हैया दुबे, गौरव शुक्ला, सतीश चौबे, नितिन यादव, विशेष यादव, राम लखन (ग्राम प्रधान) सहित कई लोग उपस्थित रहे।



देवी जागरण करते कलाकार। अमृत विचार

### छात्र पर हमला लाठी डंडों से पीटा, घायल

**औरैया।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के दीन दयाल उपाध्याय नगर स्थित सेंट साईनाथ स्कूल के एक छात्र पर आधा दर्जन युवकों द्वारा हमला कर मारपीट करने का मामला सामने आया है।

घायल छात्र शिवा तिवारी पुत्र संजय तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह परीक्षा देने के बाद दोपहर करीब एक बजे पास की दुकान पर नाश्ता करने गया था। इसी दौरान एक अन्य छात्र अपने 4-5 साथियों के साथ वहां पहुंचा और उसे घेर लिया। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए बेल्ट और लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। हमलावरों ने उसकी शर्ट भी फाड़ दी और सिर पर चोट पहुंचाई । घटना की जानकारी मिलते ही स्कूल के अध्यापकों ने परिजनों को सूचना दी। घायल छात्र को तत्काल सीएचसी दिबियापुर ले गए। थाना प्रभारी निरीक्षक रुद्र प्रताप नारायण त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई।

## मां चंद्रघंटा की चैतन्य झांकी के दर्शन को उमड़े भक्त, जमकर लगे जयकारे

संवाददाता, फफूंद

**अमृत विचार।** नगर के फफूंद में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर चमनगंज में भक्ति और शक्ति की बयार बही। ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा नगर में आयोजित 9 दिवसीय चैतन्य नवदेवी झांकी के तीसरे दिन माता चंद्रघंटा के अलौकिक स्वरूप के दर्शन कराए गए।

चैत्र मास की तृतिया पर नगर फफूंद में जैसे ही झांकी के पट खुले, पूरा वातावरण माता रानी की जय और सांचे दरबार की जय के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। झांकी स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। माता चंद्रघंटा के मस्तक पर घंटे के आकार का अर्धचंद्र और उनकी सौम्य एवं वीर मुद्रा ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फूलों से सजे दरबार में भक्तों ने कतारबद्ध होकर दर्शन किए और पुष्प वर्षा कर अपनी श्रद्धा प्रकट की। सेवा केंद्र की फफूंद मुख्य प्रभारी रिया ने इस अवसर पर देवी के आध्यात्मिक रहस्य को बताते हुए कहा कि चैत्र नवरात्रि का पर्व हमें अपने पुराने संस्कारों को त्याग कर नवीनता की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है।

इन चैतन्य झांकियों का मुख्य उद्देश्य केवल प्रदर्शन नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर छिपी दैवीय शक्तियों को राजयोग के माध्यम से जागृत करना है। प्रमुख सहयोगियों की रही उपस्थिति कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान की बीके कृष्णा, बीके ऊषा और राखी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस दौरान नगर के प्रमुख समाजसेवी और सहयोगी आशीष पोरवाल, कुलदीप, अश्वनी, गौरव और राजेश सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



लोगों ने किया झांकी के दर्शन। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### मार्च से तीन दिवसीय बौद्ध भीम कथा का आयोजन 29 से

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के ग्राम जैनपुर नागर राजा का बाग में स्वर्गीय हरिकिशुन एवं स्व. रामदेवी की पुण्य स्मृति में तीन दिवसीय बौद्ध भीम कथा का आयोजन 29 मार्च से होगा। आयोजकों द्वारा जानकारी दी गयी कि तीन दिवसीय कथा का शुभारंभ 29 मार्च रविवार से होगा व समापन 31 मार्च मंगलवार को होगा। भीम कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा वाचिका प्रेमा अंबेडकर द्वारा दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।1 अप्रैल बुधवार को दोपहर 2 बजे से मैत्री भोज का आयोजन होगा।आयोजन समिति ने अधिक से अधिक लोगों से पहुंचने की अपील की है।

### डंपर अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराया

**इटावा।** थाना बढ़पुरा क्षेत्र के अंतर्गत यमुना पुल पर एक तेज रफ्तार डंपर अनियंत्रित होकर 11 हजार वोल्ट के बिजली पोल से टकरा गया। इस हादसे में पास की एक दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई। दुकान मालिक राम नरेश ने बताया कि डंपर तेज गति से आ रहा था और अचानक संतुलन खोकर खंभे से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि डंपर का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक वाहन में ही फंस गया। स्थानीय लोगों ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद चालक को डंपर से बाहर निकाला। उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। चालक ने बताया कि वाहन चलाते समय उसे नींद आ गई जिसके कारण डंपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल

**इटावा।** जनपद के अलग अलग स्थानों पर हुईं सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना फ्रेंड्स कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत न्यू इंडिया पब्लिक स्कूल अजीतनगर के पास अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मनोरमा देवी पत्नी ओमप्रकाश व नितिन पुत्र ओमप्रकाश घायल हो गए। थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत हरचंदपुर मोड़ कचौरा रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से साक्षी पुत्री रविन्द्र कुमार व कृष्णा पुत्र हरविंदर सिंह निवासी गढ़िया थाना करहल जनपद मैनपुरी घायल हो गए। थाना जसवंतनगर क्षेत्र के अंतर्गत बलैयापुर हाईवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर से मनीष कुमार पुत्र विशुन दयाल निवासी रसूलाबाद कानपुर देहात घायल हो गया।

### मूक -बधिर महिला काण्ड के दोषियों को मिले कड़ी सजा

**इटावा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने बयान जारी करते हुए उप्र आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में 5 माह से भर्ती मानसिक रोगी–मूक –बधिर महिला के साथ लगातार होते आ रहे बालात्कार की घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानव सभ्यता पर कलंकपूर्ण घटना बताया। इसके लिए कुलपति के निलंबन और नैतिकता के आधार पर राज्य के स्वास्थ मंत्री के इस्तीफा, हाईकोर्ट की निगरानी में जांचकर जिम्मेदारों दोषियों को उदाहरणीय दण्ड देने और एसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कठोर उपाय करने की मांग की है। माकपा राज्यमंत्रिपरिषद सदस्य मुकुट सिंह एवं जिलामंत्री नाथूराम यादव ने संयुक्त बयान में आगे कहा कि इस शर्मनाक और जघन्य अपराधपूर्ण घटना के लिए विश्वविद्यालय/अस्पताल प्रबंधन जिम्मेदारी से बच नहीं सकता है।

# सौहार्दपूर्ण माहौल में हुई ईद, गले लगकर दी मुबारकवाद

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** ईद उल फितर का पर्व शहर में खुशनुमा माहौल में मनाया गया। हजारों मुसलमानों ने ईदगाह सहित शहर की विभिन्न मस्जिदों में ईद की नमाज अदा कर मुल्क में आपसी भाईचारे और अमनचैन की दुआ की।

सुन्नी समाज की ईदगाह में ईद की नमाज दो शिफ्टों में हुई पहली शिफ्ट में मौलाना कमालुद्दीन अशरफी पेश इमाम ईदगाह और दूसरी शिफ्ट में मौलाना फरहान बरकाती ने ईद की नमाज अदा कराई। इस दौरान उन्होंने मुल्क, सूबे और शहर में अमनचैन की दुआ कर सभी लोगों से मिलजुल कर ईद मनाने की अपील की। ईदगाह कमेटी द्वारा तैनात वालिंटियरों ने ईदगाह भर जाने पर नमाजियों को विभिन्न मस्जिदों में भेजा। ईदगाह में नमाज की व्यवस्था में सेकेट्री डॉ. मोहम्मद अफजाल, कोषाध्यक्ष अब्दुल हन्नान चांद मंसूरी सहित समस्त कमेटी का सराहनीय योगदान रहा। शाही मस्जिद नोरंगाबाद में



ईद की मुबारकबाद देते सपा नेता। अमृत विचार

**● शिया समाज ने काली पट्टी बांधकर अदा की ईद की नमाज**

मुतवल्ली फुरकान अहमद की देखरेख में हाफ़िज़ एजाज़ अहमद, सिंग्नल वाली मस्जिद में मुफ़्ती अनस नूर, मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां में हाफिज मशकूर, मस्जिद पंजाबियान कब्रिस्तान में मुफ़्ती मोहम्मद उमर, शाही जामा मस्जिद में मौलाना अब्दुल्लाह असरी, मस्जिद पक्का तालाब में हाफ़िज़ फ़ैज़ान चिश्ती, मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंग में हाफ़िज़ शकील अहमद, मस्जिद अक्सा रामगंज में मौलाना तौफीक चिश्ती, मस्जिद दरगाह वारसी में हाफिज दिलवर हुसैन ने नमाज पढ़ाई। इसके अलावा कचहरी मस्जिद, मस्जिद कुरैशियान नया शहर, मस्जिद कटरा पुर्दल खां, मस्जिद जिन्नातों वाली आदि मस्जिदों में भी ईद की नमाज हुई। अंजुमन हैदरी कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शावेज नक़वी ने बताया कि शिया समाज की ईद उल फितर की नमाज चाणक्य होटल स्थित ईदगाह में मौलाना सैयद अनवारुल हसन ज़ैदी ने अदा कराई। ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला अली हुसैनी खामनेई सहित अन्य उलेमाओं की शहादत पर शिया समाज के लोगों ने काली पट्टी बांधकर ईद की नमाज अदा की और घरों पर सादगी से ईद मनाई।

ईद के मौके पर समाजवादी पार्टी के सांसद जितेंद्र दोहरे, जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, पूर्व चेयरमैन कुलदीप गुप्ता संटू, सपा पूर्व नगर अध्यक्ष वसीम चौधरी, आलोक दीक्षित सहित कांग्रेस नेताओं और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने ईदगाह पहुंचकर मुस्लिम समाज के लोगों को गले मिलकर मुबारकबाद दी। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव और सीओ सिटी अभय नारायण राय सहित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

**जसवंतनगर प्रतिनिधि** के अनुसार क्षेत्र में ईद का त्योहार पूरे उल्लास, आस्था और भाईचारे के



जसवंत नगर में ईद की नमाज पढ़ते लोग। अमृत विचार

साथ मनाया गया। ईद की नमाज पूरे जोश, खरोश और अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज शुरू होने से पहले ही ईदगाह का विशाल मैदान नमाजियों से भर गया। करीब साढ़े आठ बजे ईदगाह के पेशइमाम हाफिज मोहम्मद शमीउद्दीन फारुकी ने नमाज अदा कराई।नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। उपजिलाधिकारी कुमार सत्यमजीत, क्षेत्राधिकारी आयुषी सिंह और थाना प्रभारी निरीक्षक कमल भाटी के नेतृत्व में पुलिस बल ने ईदगाह सहित पूरे नगर क्षेत्र में चाक-चौबंद व्यवस्था बनाए रखी।पालिकाध्यक्ष सत्यनारायण शंखवार ईओ श्याम वचन सरोज ने पानी और सफाई की बेहतर व्यवस्था कराई। भरथना प्रतिनिधि के अनुसार ईद का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने मस्जिद में जाकर नमाज अदा की और एक दुसरे को गले मिलकर ईद की मुवारक बाद दी। इसके अलावा जिले के बकेवर ताखा बसरेहर सहित अन्य स्थानों पर ईद का पर्व उल्लास के साथ मनाया गया।

## फंदे पर लटका मिला किसान का शव

**इटावा।** थाना क्षेत्र के हथनौली गांव में दोपहर करीब दो बजे एक किसान का शव घर के अंदर फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की।

गांव निवासी 48 वर्षीय श्याम सिंह का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के कमरे में छत के कुंडे से रस्सी के सहारे लटका मिला। बताया जाता है कि घटना के समय मृतक की पत्नी, पुत्र व अन्य परिजन खेतों में काम करने गए थे। पत्नी जब घर लौटी तो पति का शव फंदे पर लटका देख बदहवास हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी आर. डी. मौर्य व थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई सुभाष चंद ने बताया कि मृतक श्याम सिंह की पत्नी का गांव के ही एक व्यक्ति से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसे लेकर घर में अक्सर विवाद होता रहता था। परिजनों का कहना है कि इसी तनाव के चलते उसने फांसी लगा ली।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार पिता की मौत पुत्र घायल

### एंबुलेंस के काफी समय तक न आने से दोनों सड़क पर पड़े रहे, परिजनों में मचा कोहराम

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** चकरनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगला कढोरी गांव के पास शुक्रवार रात ट्रैक्टर ने कसोआ गांव से कार्यक्रम से लौट रहे बाइक सवार पिता पुत्र को टक्कर मार दी। हादसे में घायल पिता-पुत्र एक घंटे तक एंबुलेंस के इंतजार में सड़क पर पड़े तड़पते रहे। बाद में पुलिस ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, यहां पहुंचने पर डॉक्टर ने पिता को मृत घोषित कर दिया जबकि बेटे की हालत स्थिर बनी हुई है। बाइक सवार पिता-पुत्र हेलमेट नहीं लगाए थे।

शुक्रवार को गिरधारीपुर थाना अजीतमल औरैया निवासी शिवकुमार (42), अपने मझले पुत्र अर्पित (13) के साथ कसौआ चकरनगर अपनी साली भारती के घर पर उनके लड़के की छठी कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। यहां से देर रात वापस वह घर




लौट रहे थे, जैसे ही दोनों बाइक से नगला कढोरी चकरनगर के पास पहुंचे सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिता-पुत्र सड़क पर गिर पड़े उनकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। करीब एक घंटे तक दोनों सड़क पर पड़े रहे, स्थानीय राहगीरों ने उन्हें सड़क पर पड़ा देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची चकरनगर पुलिस ने बाद में एंबुलेंस बुलाई तब जाकर दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया लेकिन तब तक शिव कुमार की सांसें थम चुकी थी। इमरजेंसी डॉक्टर राघवेंद्र सिंह ने चिकित्सीय परीक्षण के बाद शिव कुमार को मृत घोषित कर शव मोर्चरी में रखवा दिया। घायल बेटे अर्पित ने रोते बिलखते हुए बताया वह दो भाई एक बहन है। शिवकुमार की मौत की खबर से पत्नी किरण देवी समेत परिजनों में चीख-पुकार मच गई। वहीं, एंबुलेंस के जिला प्रभारी राहुल यादव ने बताया कि इस मामले की जानकारी नहीं है। जानकारी कर संबंधित एंबुलेंस के लेट पहुंचने के बारे में जवाब मांगा जाएगा।

### बेरीखेड़ा मोड़ पर पलटी वैन, 7 लोग घायल

**बकेवर इटावा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेरी खेड़ा मोड़ के पास एक वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में सात लोग लोग घायल हो गए। सभी को पचास शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल भेजा गया। वहां से उसे पीजीआई रेफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती रात्रि लखना नगर के समीपवर्ती ग्राम अड्डा ज्ञान सिंह से अमर सिंह दोहरे मिस्त्री की बेटी के लगुनोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ग्रामीण वैन से इकदिल जा रहे थे। कार में रामनाथ पुत्र पुतई, प्रकाश पुत्र तुलसीराम, गोलू, दिव्यांशी, अंशू पुत्र प्रदीप, डुग्गू पुत्र अश्वनी तथा रामदास टेलर पुत्र जोरावर सवार थे। जैसे ही वैन बेरीखेड़ा मोड़ पर पहुंची, चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड्ड में पलट गई। हादसे में कार सवार सभी लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस की मदद से सभी घायलों को बकेवर के 50 शैय्या अस्पताल लाया गया। यहां रामनाथ की हालत गंभीर देखते हुए इमरजेंसी चिकित्सक डॉ. रविंद्र शाहू ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां से हालत नाजुक होने पर देर रात ही मिनी पीजीआई सैफई भेज दिया गया।

## उधारी के पैसे को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के ग्राम नगला कंचनिया में शनिवार दोपहर उधारी के पैसे मांगने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला खूनी संघर्ष में बदल गया। दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

शनिवार करीब एक बजे गांव निवासी रंनधोर सिंह ने अवनीश कुमार से खेती से जुड़े उधार के पैसे मांगे। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो गाली-गलौज और मारपीट में बदल गई। शोर-शराबा सुनकर दोनों पक्षों के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए और एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस मारपीट में एक पक्ष से अवनीश कुमार (35) पुत्र राम सिंह घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष से रामवीर (53), रंनधौर (50), नरेंद्र सिंह (26), पुष्पा देवी (35), जितेंद्र (25) और अखिलेश (16) घायल हो गये। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक शुभम वर्मा और शिव शंकर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति को काबू में किया।

# महिला की हत्या में पति सहित तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** वैदपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत उदय नगर में गुरुवार की रात को एक महिला का संदिग्ध अवस्था में शव फंदे पर लटका मिला था। इस सम्बंध में मृतका के भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में मामला दर्ज कराया था।

इस सम्बंध में पुलिस ने महिला के पति सहित परिवार को हत्या का आरोपी मानते हुए गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर मृतका का मोबाइल गमछा व टूटी चूडियां बरामद की है। एसओ वैदपुरा ने बताया कि विनोद कुमार पुत्र पृथ्वीपाल निवासी ग्राम कधिया थाना असोधर जनपद फतेहपुर द्वारा थाना वैदपुरा पर मामला दर्ज कराया गया कि उसने अपनी बहन सोमवती की शादी करीब 10 वर्ष पूर्व मनोज के साथ की थी। मनोज एवं उसके परिवारीजनों द्वारा शराब के नशे मे घर के बंटवारे को लेकर उकसावे मे आकर उसकी बहन की हत्या कर साक्ष्य छिपाने व गुमराह करने के उद्देश्य से शव को लटका दिया गया तथा उसके भांजे पंकज को धमकी दी पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन की। घटना के बाद से आरोपी फरार हो गए। शनिवार कोपुलिस ने आरोपी रेलवे लाइन अंडरपास के पास नगला झम्मन नहर पटरी पर है वह कहीं जाने की फिराक में है। इस सूचना पर पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। पकडे गए लोगों ने अपने नाम मनोज पुत्र फूल सिंह ,शिवेन्द्र उर्फ सिंकू पुत्र रनवीर तथा पवनेश पुत्र फूल सिंह निवासी ग्राम उदयनगर थाना वैदपुरा बताया।

### चंबल नदी में कूदी महिला का नहीं लग सका सुराग

**चकरनगर।** शादी के महज दूसरे दिन चंबल नदी में छलांग लगाने वाली नवविवाहिता का शनिवार को सातवें दिन भी कोई सुराग नहीं लग सका। घटना के बाद शुरुआती दो दिनों तक एसडीआरएफ टीम ने लगातार सर्च अभियान चलाया, लेकिन सफलता न मिलने पर टीम वापस लौट गई। इसके बाद परिजनों ने सेंचुअरी मोटरबोट की मदद से बछेड़ी, भरेह और पचनद क्षेत्र में नदी किनारे तलाश जारी रखी, मगर अभी तक महिला का कोई पता नहीं चल पाया है।

# गंदे पानी से मोहल्ले हुए जलमग्न

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** ईद के दिन उर्दू मोहल्ला और अरविंद पुल नाला चोक होने से इलाके में गंदा पानी घरों में घुसने से कई मकानों में पानी भर गया। सैकड़ों लोग घरों में कैद हो गए और बड़ी संख्या में लोग ईद की नमाज़ अदा नहीं कर सके।

मुस्लिम समाज के लोग ईद की नमाज़ के लिए तैयार हो रहे थे लेकिन घरों से बाहर निकलते ही चारों तरफ पानी ही पानी दिखाई दिया। गलियां पूरी तरह जलमग्न हो गईं और घरों के अंदर तक गंदा पानी भर गया। कई परिवारों को मजबूरी में घरों के अंदर ही रहना पड़ा जबकि कुछ लोग छतों के सहारे बाहर निकलकर नमाज़ पढ़ने पहुंचे।

महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग घंटों तक घरों में फंसे रहे। स्टेशन रोड पर अरविंद पुल के नीचे से गुजर रहा नाला चोक हो गया जिसके चलते मेवाती मोहल्ला और उर्दू मोहल्ला की कई गलियों में पानी भर गया। नाले का गंदा पानी तेजी से घरों में घुस गया और देखते ही देखते पूरा इलाका जलमग्न हो गया। लोगों को अपने घरों से पानी निकालने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी और घरेलू सामान को भी नुकसान पहुंचा। जलभराव के बीच एक मकान की दीवार भी गिर गई जिससे इलाके में दहशत फैल गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों में नगर पालिका परिषद के खिलाफ भारी आक्रोश देखने को मिला। लोगों ने आरोप लगाया कि नाले की सफाई को लेकर कई बार शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं की गई। लोगों का कहना है कि अगर पहले ध्यान दिया जाता तो ईद जैसे बड़े त्योहार पर यह परेशानी नहीं झेलनी पड़ती।

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम बसैयाहार में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के शुभारंभ पर भव्य कलश एवं शोभा यात्रा का आयोजन धूमधाम के साथ किया गया। बैंड-बाजों की मधुर धुनों और भक्ति गीतों पर झूमते श्रद्धालुओं ने पूरे गांव में भ्रमण किया।

शोभा यात्रा में महिलायें पीताम्बर वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रख गांव की प्रमुख गलियों से होकर निकली। जहां जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के समापन पर कथा पंडाल में विधिवत मंत्रोच्चार के बीच कलश स्थापना कर श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। कथा के प्रथम दिवस पर कथा व्यास पंडित सियाशरण शास्त्री (सरस), दंदरौआ आश्रम वृंदावन धाम ने मार्गदर्शक प्रसंग की भावपूर्ण कथा सुनाई। इस आयोजन के यजमान रामगोविंद तिवारी व धर्मपत्नी कुसुमलता तिवारी व परीक्षित स्वाति तिवारी अजीत तिवारी रहे। इसके साथ ही सुरेंद्र तिवारी, ममता-राघवेंद्र तिवारी, काजल-अमित तिवारी, बीना-गिरजेश मिश्रा, मिथलेश-भानु प्रकाश तिवारी, संतोषी-अमित तिवारी, डॉ. नेहा-डॉ. सौरभ तिवारी, पूजा-इंजी. अंकित तिवारी, प्रद्युम्न, अभय तिवारी, राहुल तिवारी, अतुल तिवारी, अंकुर तिवारी, अंश, कृष्णा, शुभ, शिवाय, ओम, मंगल, राम कनिष्क, रिद्धि, सिद्धि, गौरी, आस्था, अभ्यान, प्रवीन तिवारी पत्रकार, सत्यम, विनीत तिवारी (पत्रकार), रितेश आदि रहे।



कलश यात्रा में शामिल भक्तगण। अमृत विचार

**नवरात्रि** | मां चन्द्रघंटा के दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

# भक्तों ने चंद्रघंटा की पूजा कर लिया आशीर्वाद

संवाददाता बकेवर इटावा

**अमृत विचार।** शनिवार को चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन ऐतिहासिक कालिका देवी मंदिर पर सुबह घने कोहरे के बीच हजारों श्रद्धालु पैदल पहुंचकर मां चन्द्रघंटा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान बच्चों के मुंडन संस्कार और नवविवाहित जोड़ों द्वारा विशेष पूजन कराया गया। नवरात्र में इस बार केवल एक ही शनिवार पड़ने के कारण भक्तों की संख्या में विशेष वृद्धि देखने को मिली और दिनभर मंदिर परिसर व मार्गों पर भारी भीड़ बनी रही।

शनिवार को सूर्य की पहली किरण फूटते ही बकेवर से लखना तक देवी भक्तों का तांता लग गया। श्रद्धालुओं ने घने कोहरे के बीच पैदल यात्रा कर मां के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और बच्चों के मुंडन संस्कार संपन्न कराए। नवविवाहित जोड़ों ने भी परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ मां का आशीर्वाद लिया। सुबह 10 बजे के बाद तेज धूप निकलते ही भक्तों का जनसैलाब और बढ़ गया। कानपुर, कानपुर देहात, औरैया, मैनपुरी व इटावा जनपद के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचने लगे, जिससे लखना-बकेवर मार्ग पर पूरे दिन चार पहिया वाहनों का लंबा जाम लगा रहा। जाम की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बकेवर थानाध्यक्ष विपिन मलिक स्वयं वाहन में लाउडस्पीकर के माध्यम से यातायात व्यवस्था संभालते नजर आए। भीड़ को देखते हुए सीओ भरथना रामदबन मौर्य ने सुबह लखना की ओर से चकरनगर जाने वाले भारी वाहनों को बकेवर में ही रोक दिया था। एसडीएम काव्या सी, तहसीलदार भरथना दिलीप सिंह, लखना चौकी इंचार्ज अंकित पटेल तथा लेखपाल राहुल चौबे भी मंदिर परिसर में मौजूद रहकर भीड़ को नियंत्रित करते रहे।




कालिका मां के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़। अमृत विचार

## अमर शहीदों की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा कल

**इटावा।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 23 मार्च दिन सोमवार को अपरान्ह 3 बजे स्थान डीबीए हॉल कचहरी में युवा अधिवक्ता एवं समाज सेवियों द्वारा अमर शहीदों की 95 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक अपर जिला शासकीय अधिवक्ता आशीष तिवारी ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा के मुख्य अतिथि यशवीर विभाग प्रचारक राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ इटावा, विशिष्ठ अतिथि एवं कार्यक्रम अध्यक्ष शांति स्वरूप पाठक पूर्व अध्यक्ष डीबीए, राजेश त्रिपाठी अध्यक्ष डीबीए, शिव कुमार शुक्ला डीजीसी क्राइम, बृजानन्द शर्मा सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज इटावा, नितिन तिवारी महामंत्री डीबीए होंगे। कार्यक्रम संयोजक अपर जिला शासकीय अधिवक्ता आशीष तिवारी, विवेक राजपूत एड., लव बाबू, अमित चौरसिया, पवन माथुर, राहुल चौधरी, आशीष मिश्रा, अनिल कश्यप, कुश राजपूत ने अधिवक्ताओं सहित आम लोगों से अमर शहीदों की 95 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा में भाग लेने की अपील की है।



अपर जिला शासकीय अधिवक्ता आशीष तिवारी साथ में अन्य लोग।

ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL, BAREILLY

STAFF REQUIRED

Pharmacy Supervisor
Qualification:- Graduate & Exp. in Relevant Field

Floor Supervisor
Qualification:- Graduate & Exp. in Hospital

Junior Accountant
Qualification:- Min. B.Com. & Good Excel Knowledge

Computer Operator
Qualification: Min. Intermediate & Good MS Office Knowledge & Good Typing Speed

Pharmacist
Qualification: Min. D. Pharma & Good Computer Knowledge

PRO
Qualification: Graduation

Salary No Bar for Deserving Candidates

How to apply : Mail your CV at hrrmch@gmail.com or hard copy to the address given below.

HR OFFICE, RMCH Hospital Building, Pilibhit Bypass Road, Bareilly
Contact : 9548624286

अमृत विचार

कानपुर, रविवार, 22 मार्च 2026

हमीरपुर

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसों में दो लोग गंभीर घायल

**मौदहा।** क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में घायल एक महिला समेत युवक को लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों घायलों की हालत नाजुक देख उनका प्राथमिक उपचार कर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा निवासी नावेद खान (24) पुत्र इकबाल खान शुक्रवार की देर शाम कस्बे से बाइक द्वारा अपने गांव जा रहा था। तभी परछा के बीच संतुलन बिगड़ने से वह बाइक समेत सड़क पर गिर घायल हो गया। जिस पर राहगीरों की मदद से उसे लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसका प्राथमिक उपचार कर उसे मुख्यालय रेफर कर दिया। इसी प्रकार थाना क्षेत्र बिवांर के ग्राम सायर निवासी निर्मला देवी (65) पत्नी हरेंद्र सिंह भी शुक्रवार की शाम एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गई। जिसकी हालत गंभीर होने के चलते उसका प्राथमिक उपचार कर उसे भी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मधुमक्खियों के हमले में दो लोग घायल

**मौदहा।** क्षेत्र के ग्राम बिगहना में खेत पर काम कर रहे वृद्ध समेत एक महिला पर मधुमक्खियों ने हमला कर उन्हें घायल कर दिया। जिस पर उनके परिजनों ने उन्हें गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। तहसील क्षेत्र के ग्राम बिगहना निवासी शाहरुख खान (65) पुत्र रमजानी सुबह अपने खेत पर मौजूद था। तभी पेड़ पर लगे छत्ते में मौजूद मधुमक्खियों ने उस पर हमला कर दिया। उसने किसी तरह वहां से दूर भाग कर अपनी जान बचाई। उसके परिजनों ने उसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। इसी प्रकार नगर के उपरौस निवासी शिप्रा (32) पत्नी संदीप पर भी मधुमक्खियों ने हमला कर उसे घायल कर दिया। जिस पर उसके पति ने उसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां ईलाज के बाद दोनों की हालत में सुधार है।

### श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नायक पुरवा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन शनिवार को कथा व्यास पंडित मनीष शुक्ला ने कथा का रसपान कराया। व्यासपीठ से कहा कि सर्वेश्वर भगवान श्रीकृष्ण ने ब्रज में अनेकानेक बाल लीलाएं कीं। जो वात्सल्य भाव के उपासकों के चित्त को अनायास ही आकर्षित करती हैं। जो भक्तों के पापों का हरण कर लेते हैं, वही हरि हैं। कथा व्यास ने कहा कि नंदालय में गोपियों का तांता लगा रहता है। गोपी भगवान से प्रार्थना करती है कि किसी न किसी बहाने कन्हैया मेरे घर पधारें। भगवान के चरणों में प्रगाढ़ प्रीति है, वही जीवन्मुक्त है। एक बार माखन चोरी करते समय मैया यशोदा आ गईं तो कन्हैया ने कहा कि इतने मणिमय आभूषण पहना दिए हैं जिससे हाथ गर्म हो गए हैं। माखन की हांडी में हाथ डालकर शीतलता प्रदान कर रहा हूं। यहां कमला देवी शिवहरे आचार्य राज शुक्ल, कमलेश कुमार शुक्ला, रामजी शिवहरे, सचिन त्रिवेदी आर्गन, मयंक शुक्ला तबला वादक आदिरहे।

# गाजियाबाद से सुमेरपुर तक गूंजीं चीखें

## विवाद के बाद साथी ने युवक को दूसरी मंजिल से फेंका, इलाज के दौरान अस्पताल में थमीं सांसें

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** गाजियाबाद में साथी ने विवाद के बाद युवक को दूसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया। तीन दिन तक अस्पताल में मौत से लड़ने के बाद वह जिंदगी की जंग हार गया। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार देर रात शव घर आने पर परिवार में कोहराम मच गया। शनिवार को कस्बे के मोक्ष धाम में शव का अंतिम संस्कार किया गया। युवक चार भाइयों में दूसरे नंबर का था और मजदूरी कर परिवार के भरण-पोषण में सहयोग करता था।



बाबी सोनकर।

कस्बे के वार्ड संख्या 9 इमिलिया थोक निवासी धर्मेंद्र सोनकर का पुत्र बाबी सोनकर (25) गाजियाबाद के सेक्टर A4 ट्रॉनिका सिटी में रहकर फैक्ट्री में कार्य करता था। 15 मार्च की रात किसी बात को लेकर विवाद होने पर साथी मजदूर रवि ने उसे दूसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तीन दिन तक जीवन-मौत के बीच संघर्ष करने के बाद वह जिंदगी की जंग हार गया और उसकी सांसें थम गईं।



युवक का शव पहुंचने पर घर के बाहर लगी भीड़। अमृत विचार

**15** मार्च की रात से गाजियाबाद में चल रहा था इलाज

- शनिवार को शव घर पहुंचते ही परिवार में मचा कोहराम

पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार की देर रात युवक का शव कस्बे लाया गया। शव के घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। शनिवार को सुबह से ही उसके घर के बाहर खासी भीड़ जुट गई। दोपहर में कस्बे के मोक्ष धाम में उसका अंतिम संस्कार किया गया। बाबी चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। उसकी मौत पर पिता धर्मेंद्र सोनकर, मां कुसुमा, भाई अंकित सोनकर, वीरेंद्र, गोविंद सोनकर रोते-बिलखते रहे।



युवक के परिजनों से मिलते सपाई। अमृत विचार

### सपाइयों ने परिवार को ढांढस बंधाया, मदद का आश्वासन

**सुमेरपुर।** गाजियाबाद में दूसरी मंजिल से फेंकने के बाद हुई युवक की मौत के बाद सपाइयों ने उसके घर पहुंचकर परिजनों को ढांढस बंधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। शनिवार को सपाइयों ने पिता धर्मेंद्र सोनकर से मिलकर घटना के बारे में पूरी जानकारी ली और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर पूर्व मंत्री बादशाह सिंह, पूर्व प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति, ओपी सोनकर, घनश्याम साहू, अजय उर्फ कल्लू यादव, जगमोहन यादव, परशुराम प्रजापति आदि सपाई मौजूद रहे।

# युवक ने महिला को बीच सड़क पर घसीट कर पीटा

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- वीडियो हुआ वायरल, पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**अमृत विचार।** कस्बे के सिकंदरपुरा-चरखारी रोड पर शनिवार को दबंग युवक के द्वारा बीच सड़क पर एक महिला को घसीट कर बेरहमी से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में स्पष्ट तौर पर देखा जा सकता है कि दबंग युवा के किस बेरहमी से महिला की पिटाई कर रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कस्बे के सिकंदरपुरा चरखारी रोड इलाके की निवासी महिला कपूरी पत्नी रामपाल ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि कस्बे का ही दबंग चंदू पुत्र सीताराम ने बीच सड़क पर घसीट कर उसे बेरहमी से मारा पीटा है। बताया कि उसने कोतवाली में घटना की लिखित तहरीर देकर आरोपी युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में कोतवाली के प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी युवक के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर कार्रवाई कराई जा रही है।

### दबंगों ने घर में धावा बोलकर किया तांडव

**मौदहा।** दबंगों ने ईद के दिन घर में हमला कर महिलाओं के साथ अभद्रता और मारपीट की, मारपीट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है, जबकि पुलिस कार्यवाही करने की बात कह रही है। कस्बे के एक मोहल्ला निवासी दो महिलाओं ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि ईद के दिन दोपहर में अचानक मोहल्ले के अफसर, असलम, शाहरुख़ पुत्रगण मिस्टर जिन्ना, जमशेद पुत्र हबीब, अर्जुन पुत्र अज्ञात सहित लगभग एक दर्जन अज्ञात लोगों ने लाठी डंडा और देशी कट्टा लेकर घर में हमला कर दिया और उनके साथ मारपीट और अश्लीलता की। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। जिसमें कुछ लोग महिलाओं सहित बच्चों को दौड़ाकर पीट रहे हैं।

# मां चंद्रघंटा की पूजा और आराधना

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- नवरात्र के तीसरे दिन देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़
- सुबह से देर शाम तक मंदिरों में गूंजते रहे मां भगवती के जयकारे

**अमृत विचार।** नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप माता चंद्रघंटा की पूजा अर्चना की गई। भोर से ही जिले भर के देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ पहुंचने लगी।

मुख्यालय स्थित मां चौरा देवी, गौरा देवी एवं दुर्गा देवी मंदिर परिसर में शनिवार को श्रद्धालुओं की खासी भीड़ रही। गुरुवार को चैत्र नवरात्र का तीसरा दिन है। नवरात्रि के तीसरे दिन मां दुर्गा के तीसरे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। आज मां चंद्रघंटा की पूजा रवि योग में किया जाएगा।

रवि योग में सूर्य का प्रभाव अधिक होता है। मंदिरों के अलावा घरों में कलश स्थापित कर महिलाएं पूजा अर्चना कर रही है। भक्त जगह-जगह दुर्गा सप्तशती और दुर्गा चालीसा, आरती पाठ करने में व्यस्त रहे। नौ दिन चलने वाले नवरात्र से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। मंदिर परिसर में पूजा सामग्री और माला फूल की दुकाने श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। श्रद्धालु नारियल, चुनरी व अड़हुल की माला अर्पित कर हाजिरी लगा रहे हैं। वहीं पुलिस अधीक्षक डॉ.दीक्षा शर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए मंदिर परिसरों में महिला पुलिस सहित सादा वर्दी पुलिस को भी तैनात किया है।



सुभाष बाजार के महावीर मंदिर में सजा देवी मां का दरबार। अमृत विचार

### दहेज न मिलने पर घर से निकाला

**सुमेरपुर।** कस्बे के वार्ड संख्या 6 चांद थोक की निवासी नवविवाहिता ने दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर घर से निकाल देने का मुकदमा पति सहित अन्य ससुरालीजनों के खिलाफ दर्ज कराया है।

वार्ड संख्या 6 चांद थोक निवासी पारुल सोनकर ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी शादी जुलाई 2024 में इंगोहटा निवासी ओमप्रकाश उर्फ वीरू के साथ हुई थी। मेरे पिता ने हैसियत के अनुसार दान दहेज देकर विदा किया था। शादी के बाद से ही पति ओमप्रकाश, जेठ दीपक, सोनू, ससुर नत्थू, सास अजय कुमारी दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। गत 15 मार्च को पति ने अन्य ससुरालीजनों के साथ मिलकर एक लाख रुपये व मोटरसाइकिल की अतिरिक्त मांग करते हुए जमकर मारपीट की और घर से निकाल दिया।

# साइबर सुरक्षा पर केंद्रित रहा शिविर

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुछेछा के राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस के संयुक्त सात दिवसीय विशेष शिविर का चौथा दिन डिजिटल साक्षरता एवं साइबर सुरक्षा विषय पर केंद्रित रहा। यह शिविर राजकीय हाईस्कूल कुछेछा में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.घनश्याम दास के मार्गदर्शन और कार्यक्रम अधिकारी डॉ.मनीष कुमार एवं डॉ. शिल्पी राय के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कोतवाली थाना से आए इंस्पेक्टर देवेंद्र मिश्रा एवं उनकी टीम ने स्वयंसेवकों को साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे, उनसे बचाव के उपाय तथा डिजिटल माध्यमों के सुरक्षित उपयोग के विषय में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ऑनलाइन धोखाधड़ी, फेक कॉल्स, सोशल मीडिया के दुरुपयोग एवं साइबर फ्रॉड से बचने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए और विद्यार्थियों को जागरूक रहने का संदेश दिया। विशिष्ट वक्ता के रूप में महिला डिग्री कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आलोक कुमार ने डिजिटल साक्षरता पर प्रभावशाली व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने डिजिटल युग में सही जानकारी की पहचान, फेक न्यूज से बचाव तथा जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर के अंत में सभी स्वयंसेवकों ने एक स्वर में एनएसएस का प्रेरणादायक गीत स्वयं सजे वसुंधरा संवार दे गाकर वातावरण को उत्साह एवं देशभक्ति से ओतप्रोत कर दिया। यह शिविर स्वयंसेवकों के सर्वांगीण विकास एवं सामाजिक जागरूकता को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।



एनएसएस शिविर में जानकारी देते मुख्य वक्ता। अमृत विचार

### जहर के असर से संदिग्ध हालात में युवक की मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के दीवानपुरा में भाई के साथ रह रहे युवक की संदिग्ध अवस्था में जहरीला पदार्थ खाने से हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

चिकासी थाना क्षेत्र के चंदवारी डांडा गांव निवासी मूलचंद कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ले में रहता था। तीन दिन पहले उसका भाई गणेश प्रसाद (40) पुत्र आशाराम आया हुआ था। जहां उसने संदिग्ध अवस्था में जहरीला पदार्थ खा लिया। युवक की हालत खराब होने पर परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि गणेश प्रसाद की शादी नहीं हुई थी। वह मजदूरी कर भरण पोषण करता था। परिजनों ने यह भी बताया कि वह बीमारी से परेशान था। वह अपने पीछे बड़े भाई परशुराम और मूलचंद सहित अन्य परिजनों को छोड़ गया है। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# बारिश से कटी फसलों को खासा नुकसान

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** बीती रात गरज चमक के साथ शुरू हुई तेज बारिश ने कटी फसलों को बुरी तरह से तहस-नहस किया है। इनमें सर्वाधिक नुकसान की आशंका से किसान परेशान हो उठा है।

शुक्रवार को सुबह से शुरू हुआ बूंदाबांदी और रिमझिम बरसात का सिलसिला रात 8:00 बजे गरज चमक के साथ तेज बारिश के रूप में तब्दील हो गया। आसमान से बरसी आफत को देख किसान सहम गया। रात में हुई बारिश ने कटी पड़ी मटर, मसूर, गेहूं, सरसों, चना आदि की फसलों को बुरी तरह से तहस नहस किया है। किसान मानसिंह, राजकुमार, उदयभान, अतर सिंह, शिवनाथ सविता, सुरेश यादव, प्रदीप गुप्ता, धीरेंद्र यादव, भूपेंद्र कुमार, फरीद खान आदि ने बताया कि बारिश का सर्वाधिक असर खेतों में कटी पड़ी फसलों में पड़ा है। भीगने से दीमक का खतरा है।



खेतों पर कटी पड़ी गेहूं की फसल। अमृत विचार

### मधुमक्खियों के हमले से अमीन की हालत गंभीर

**पौथिया।** खेत जा रहे संग्रह अमीन पर मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने कानपुर रेफर कर दिया।

ललपुरा गांव निवासी संग्रह अमीन संजीव कुमार शिवहरे शनिवार को सुबह करीब दस बजे अपने खेत देखने गया था तभी वहां अचानक बड़ी मधुमक्खियों झुंड उड़ता हुआ दिखाई दिया। जब तक अमीन भागने की कोशिश की तब तक पूरे चेहरे शरीर पर लिपट कर घायल कर दिया। किसी तरह भागते हुए गांव पहुंचा। परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। उपचार के दौरान हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे कानपुर रेफर कर दिया। चाचा श्याम बाबू ने बताया कानपुर में इलाज चल रहा है अब स्वास्थ्य में सुधार हैं।

**हर तरफ उल्लास** | कड़ी सुरक्षा के बीच संपन्न हुई ईद-उल फितर की नमाज, अकीदतमंदों ने नमाज अदा कर मांगी अमन-चैन की दुआ

# ईद की खुशियों में घुली सेवइयों की मिठास, गले मिल मुबारकबाद



कुरारा में ईद की मुबारकबाद देतीं पूर्व चेयरमैन माया वाल्मीकि। अमृत विचार



मौदहा कस्बे की ईदगाह में नमाज पढ़ते लोग। अमृत विचार



मौदहा में एक-दूसरे को ईद की बधाई देते लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** जिले में ईद-उल-फितर का पर्व शनिवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस त्योहार के साथ ही रोजे और रमजान माह संपन्न हो गए हैं। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग ईद के जश्न में डूब गए।

शनिवार की सुबह 7:45 बजे ईदगाह में पेश इमामकारी हाफिज इसरार ने हजारों के मजमे को ईद की नमाज अदा कराई। बाद नमाज खुतबा पढ़ा गया और फिर लोगों ने अमन और भाईचारे के लिए दुआएं मांगी। लोगों ने नमाज अदा करने के बाद कब्रिस्तानों में जाकर अपने बुजुर्गों की कब्रों पर फातिहा पढ़ी। ईदगाह में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। नमाज के दौरान एसडीएम, सीओ सदर राजेश कमल और कोतवाल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर मौजूद रहे।

कुरारा प्रतिनिधि के अनुसार क़स्बे की ईदगाह में ईद की नमाज़ पेश इमाम मौलाना हबीब चिस्ती द्वारा अदा कराई गई। पूर्व चेयरमैन एवं सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य माया बाल्मीकि ने स्टाल लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर तारिक खान, नत्थू खान, राजा खान, हसरत और बफाती, इक़बाल, नफीस अहमद, रहिस इत्यादि लोगों ने एक दूसरे के गले मिलकर मुबारकबाद दी। बेरी, लहरा, खरौज और शिवनी में भी मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद की नमाज अदा की और एक-दूसरे को गले मिलकर शुभकामनाएं दीं।

सुमेरपुर कस्बे की ईदगाह, आयशा मस्जिद, इंगोहटा की ईदगाह के साथ बिदोखर, छानी, नदेहरा, पलरा, कलौलीजार, चंद्रपुरवा, मुंडेरा, टेढा, पत्योरा आदि गांवों में ईद की नमाज में देश प्रदेश की खुशहाली के लिए दुआ की गई। कस्बे में पेश इमाम हाजी सैफुल्लाह ने नमाज अदा कराई। यहां पर सपा नेता शुभकरण सिंह परिहार, रामप्रकाश प्रजापति, अजय उर्फ कल्लू यादव, कुलदीप शुक्ला, बसपा नेता डा.जीतेन्द्र सागर, भाजपा के दृगपाल चंदेल आदि ने ईद की मुबारकबाद दी। मानवाधिकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मुनीर खान, ठेकेदार सगीर खान, डॉक्टर इमामुद्दीन, हबीब खान, रफीक खान, वसीम सिद्दीकी, सिद्दीक अहमद, सभासद हबीब खान, राफिस सिद्दीकी आदि सैकड़ों लोगों ने मौजूद रहकर नमाज अदा की।

मौदहा प्रतिनिधि के अनुसार कस्बा सहित क्षेत्र में धूमधाम से ईद मनाई गई। कस्बे की ईदगाह सहित दो दर्जन मस्जिदों में ईद की नमाज़ अदा की गई। ईदगाह में शहर इमाम करामत उल्लाह ने नमाज़ पढाई। उपरौस की निजामियां जामा मस्जिद में कारी जमील, मस्जिद चौधराना में कारी अताउर्रहमान और मस्जिद रहमानियां में कारी सना उल्लाह ने ईद की नमाज़ पढ़ाई। ईद में प्रशासनिक अधिकारियों और राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी हिस्सेदारी निभाई। उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय, नगरपालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद ने ईदगाह में लोगों से मिलकर ईद की बधाइयां दी। वहीं पूर्व मंत्री बादशाह सिंह, सपा पूर्व विधानसभा प्रत्याशी रामप्रकाश प्रजापति ने भी ईदगाह के मैदान में स्टॉल लगाकर लोगों का मुंह मीठा कराया। समाजसेवी मोहनबाबू, सभासद शिवकुमार सोनी, सभासद इस्लाम ने भी ईद की बधाइयां दीं। गुसियारी, परछा, मांचा, कम्हरिया, नरायच, भमौरा, मदारपुर में भी ईद की नमाज़ अदा



कुर्रा स्थित ईदगाह में नमाज अदा करते मुस्लिम भाई। अमृत विचार

### राठ में इमाम ने दिया भाईचारे का संदेश

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे में ईद उल फितर का त्योहार शांति के साथ मनाया गया। ईदगाह में पेश इमाम मौलाना शाकिर अली ने ईद की नमाज अदा कराई। पेश इमाम ने आपसी भाईचारे और देश की तरक्की में सहयोग करने का संदेश दिया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, सपा नेता दानिश खान और गोविंद अहिरवार, राजपूत चंद्रवती वर्मा आदि ने ईदगाह पहुंचकर ईद की शुभकामनाएं दीं। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे।



एक-दूसरे को ईद की बधाई देते लोग। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### सीओ अरविन्द कुमार वर्मा पदोन्नति पाकर बने एएसपी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने पुलिस उपाधीक्षक के कंधों पर अशोक स्तंभ की रैंक लगाकर उन्हें एएसपी रैंक से अलंकृत किया । इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### खेत में चना उखाड़ने का विरोध करने पर मारपीट

**मऊ (चित्रकूट)।** मऊ थाना क्षेत्र में खेत की रखवाली कर रहे एक किसान ने अपने साथ गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट और जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाने में तहरीर देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत कोटरा खांभा निवासी मणिशंकर पुत्र भोण्डा ने मऊ थाना में दी गई तहरीर में बताया कि टीटहरिया के पुरवा निवासी बच्ची लाल का पुत्र अपने सात-आठ अज्ञात साथियों के साथ उसके खेत में घुसकर चना उखाड़ रहा था।जब मणिशंकर ने इसका विरोध किया, तो आरोप है कि सभी लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने जातिसूचक गालियां देते हुए उसे धमकाया और मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

### भरत दास ने खुद पर हमले का लगाया आरोप, जांच जारी

**चित्रकूट।** रैपुरा थाना क्षेत्र के लालापुर मंदिर परिसर में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब बाबा भरत दास ने स्वयं पर चाकू से हमला होने का आरोप लगाकर सनसनी फैला दी। घटना के समय मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। हालांकि मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी युवक को पकड़ लिया और रैपुरा पुलिस के हवाले कर दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार, कुछ दिनों पूर्व लालापुर के श्रद्धालुओं ने जिलाधिकारी चित्रकूट को प्रार्थना पत्र देकर भरत दास पर नवरात्रि के दौरान मंदिर बंद कराने और पूजा-पाठ में बाधा डालने के आरोप लगाए थे। इस मामले को लेकर पहले से ही तनाव का माहौल बना हुआ था। बताया जा रहा है कि बाबा भरत दास और मंदिर के पूर्व पुजारी के बीच लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। आज हुए विवाद में पूर्व पुजारी पक्ष के कुछ लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है, जबकि भरत दास पक्ष के लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं।सीओ राजापुर राजकमल ने बताया कि अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### करंट लगने से मजदूर झुलसा,भर्ती

**इटावा।** थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत विकास कालोनी में सटरिंग का काम करते समय एक मजदूर हाईटेंशन विद्युत करंट लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार आशुतोष पुत्र गुलाब सिंह निवासी जोधपुरा इकदिल थाना फ्रेंडस कालोनी क्षेत्र के अंतर्गत विकास कालोनी भाग दो आश्रम वाली गली में एक मकान में शटरिंग का कार्य कर रहा था तभी छत के पास से निकली 11 हजार की हाईटेंशन विद्युत लाइन से लोहे की सरिया तार से छू गई और मजदूर आशुतोष करंट लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसके साथी उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आये।

### पंचतत्व हरिहर महायज्ञ का कल होगा भूमि पूजन

**इटावा।** मोढ़ी स्थित ॐ श्री पागल बाबा गंगासागर धाम में भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारियां तेज हो गई हैं। यहां 17 मई से 15 जून तक पंचतत्व हरिहर महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा, जिसे लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। मंदिर के मुख्य न्यासी श्याम सुंदर चौरसिया ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ 23 मार्च, सोमवार को सुबह 10 बजे भूमि पूजन के साथ होगा। भूमि पूजन इटावा पिलुआ महावीर मंदिर के पीठाधीश्वर महंत श्री 108 हरभजन दास महाराज द्वारा संपन्न कराया जाएगा। आयोजन को लेकर व्यवस्थाएं तेजी से की जा रही हैं। आयोजन समिति द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि कार्यक्रम भव्य और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। महायज्ञ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। आयोजकों को उम्मीद है कि यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता का संदेश देगा।

# भारी बारिश से फसलों को नुकसान, किसान चिंतित

## शुक्रवार की रात गरज-चमक के साथ कई घंटे हुई भारी बारिश

**कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट**

**अमृत विचार ।** पहाड़ी क्षेत्र में शुक्रवार की रात्रि लगभग 10 बजे हुई बारिश ने किसानों की मुसीबत खड़ी कर दिया है। तैयार फसलों में जल भराव हो गया। इससे किसानों की कटी फसल व खड़ी फसल दोनों को भारी नुकसान हुआ है।

पहाड़ी क्षेत्र नांदी के शिवपुरी के किसान नरेंद्र कुमार , रामस्वरूप जगदीश, लवकुश व उदयभान ने बताया कि रात में हुई भारी बारिश की वजह से कटाई किए गए चना,मसूर, सरसों की फसलों को नुकसान हुआ है। वहीं गेहूं की कटी फसल में जल जल भराव से फसल सड़ गई है। बताते चलें कि शुक्रवार की रात्रि को तेज हवाओं के बीच गरज चमक के साथ रात्रि 10 बजे से कई घंटे तक तेज बारिश हुई। इस बीच बीच-बीच में ओले भी पड़े। वहीं इस बारिश के चलते मौसम का मिजाज भी बदल गया। वही हवा के चलते नांदी के मजरा शिवपुरी के कृषक रामस्वरूप एवं नरेंद्र कुमार के गेहूं बेर्रा की फसल गिर गई है। तथा चना, मटर, सरसों, मसूर की फसल को नुकसान हुआ है। किसानों ने जिलाधिकारी से नुकसान हुई फसलों की मुआवजा दिलाने की मांग की है। किसानों का कहना है हमारी पूरी की पूरी फसल बर्बाद हो गई है।



गिरी हुई फसल देखता किसान। अमृत विचार

### सांची मिश्रा ने भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में मारी बाजी

**चित्रकूट।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जगमोहन सिंह बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा सांची मिश्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अव्वल स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय सहित पूरे परिवार में खुशी का माहौल है।

कक्षा सात की छात्रा सांची मिश्रा, जो सनद कुमार मिश्रा की पुत्री हैं, ने प्रतियोगिता में भाग लेकर भारतीय संस्कृति से जुड़े विभिन्न प्रश्नों का सटीक उत्तर दिया। उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए संस्थान की ओर से उन्हें प्रवीण्य प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

सांची की इस सफलता ने न केवल उनके माता-पिता को गौरवान्वित किया है, बल्कि विद्यालय का नाम भी रोशन किया है। विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## नौ वर्षों में हुए विकास कार्यों पर डाला प्रकाश




लाभार्थी को प्रमाणपत्र देते अतिथि। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता चित्रकूट**

**अमृत विचार ।** प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने पर 'नवनिर्माण के नौ वर्ष' के अंतर्गत ग्राम पंचायत रानीपुरभट्ट में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान यहां मौजूद वक्ताओं प्रदेश सरकार की योजनाओं और नीतियों के बारे में जानकारी दी।

'नवनिर्माण के नौ वर्ष' के अंतर्गत जनपद के विभिन्न ब्लॉकों एवं तहसीलों में तमाम कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में विकास खंड कर्वी में आयोजित एक कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी महिमा विद्यार्थी भी मौजूद रहीं। यहां पर आयोजित किसान गोष्ठी में कृषि एवं कृषक कल्याण पर चर्चा हुई। इस गोष्ठी में उपस्थित किसानों को आधुनिक कृषि पद्धतियों और सरकार की लाभकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों को उनके आवास की स्वीकृति एवं अधिकार पत्र प्रदान किए गए।

### व्यापार मंडल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद।** उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने फर्रुखाबाद में व्यापारियों पर दर्ज कथित फर्जी मुकदमों को लेकर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मुकदमों को तत्काल वापस लेने की मांग करते हुए प्रशासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया।

प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सोनी "जीतू" के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश महामंत्री योगेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष लखनऊ अमरनाथ अग्रवाल तथा संजय सिंह सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे। इस दौरान व्यापार मंडल ने जिले में व्यापारियों के खिलाफ दर्ज मामलों को अन्यायपूर्ण बताते हुए उन्हें निरस्त करने की मांग उठाई। प्रदेश अध्यक्ष जीतू सोनी ने कहा कि जब प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन की बात करती है।

## फेंके जा रहे लाखों टन आलू पर रोक की मांग

**कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद**

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर हो रहे आलू उत्पादन और उसके बाद सड़कों पर फेंके जा रहे खराब आलू के मुद्दे को लेकर अब आवाज उठने लगी है। आलू विकास एवं विपणन सहकारी संघ लिमिटेड के निदेशक अशोक कटियार 'एडवोकेट' ने इस गंभीर समस्या को लेकर प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा है।

ज्ञापन में बताया गया है कि प्रदेश के 2207 शीतगृहों में लगभग 195 लाख मीट्रिक टन आलू का भंडारण किया जाता है। जब यह आलू मंडियों में बिक्री के लिए भेजा जाता है, तो छंटाई और पैकेजिंग के दौरान बड़ी मात्रा में सड़ा-गला और कटा-फटा आलू निकलता है। इस बेकार आलू को कोल्ड स्टोरेज मालिक अक्सर सड़कों के किनारे फेंक देते हैं। इससे न केवल स्थानीय नागरिकों को दुर्गंध और गंदगी का सामना करना पड़ता है, बल्कि संक्रमण फैलने का भी खतरा बना रहता है। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि यदि इस खराब आलू का वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण कर जैविक खाद या अन्य उत्पादों में उपयोग किया जाए, तो इससे किसानों और व्यापारियों को अतिरिक्त आय भी हो सकती है।

अशोक कटियार ने सुझाव दिया है कि सरकार इस दिशा में एक ठोस नीति बनाए, जिससे खराब आलू का उपयोग शराब, स्टार्च, चिप्स, कार्बोहाइड्रेट उत्पाद, पाउडर, दवाइयों और अन्य खाद्य उत्पादों में किया जा सके।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया है कि वर्तमान कृषि व्यवस्था में अधिक उत्पादन, अधिक नुकसान जैसी स्थिति बनती जा रही है, जिस पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। अंत में उन्होंने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि इस समस्या से निजात दिलायें।

### नाबालिग को बहलाकर दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी पुलिस ने नाबालिग को बहलाफुसलाकर ले जाने, नशीली दवा खिलाकर दुष्कर्म करने और फर्जी आधार कार्ड का प्रयोग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली कर्वी क्षेत्र के एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को विद्यासागर बहलाफुसलाकर अपने साथ ले गया। इस पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान पीड़िता के बयान और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामले में गंभीर धाराएं बढ़ाई गईं, जिनमें दुष्कर्म से संबंधित प्रावधान, पॉक्सो एक्ट की धाराएं तथा फर्जी आधार कार्ड के उपयोग से संबंधित धाराएं शामिल की गईं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी विद्यासागर शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया।

## गड्ढों में डूबा हाईवे, चोटहिल हो रहे राहगीर, प्रशासन बना अनजान

**संवाददाता शिवरामपुर चित्रकूट**

**अमृत विचार ।** झांसी-मीरजापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित शिवरामपुर कस्बे में हालात बद से बदतर हैं। सड़क पर बने गड्ढों में पानी भरा होने के कारण आये दिन लोग गिरकर चोटहिल हो रहे हैं।

बरसात के बाद से लगातार जलभराव के कारण सड़कें पूरी तरह से टूट चुकी हैं। जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गये हैं, जिनमें भरा पानी उन्हें और भी खतरनाक बना रहा है। दोपहिया वाहन चालक अक्सर गिरकर चोटहिल हो रहे हैं। वहीं चार पहिया वाहन भी इन रास्तों से हिचकोले खाते हुए गुजरते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदारों से इसकी शिकायतें सालों से की जा रही हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही है। जनप्रतिनिधि भी इसी मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन जनता की जान पर मंडरा रहे खतरे को नजरअंदाज कर करते हुए निकल जाते हैं। सभी लोग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहे हैं।



एलआईसी चौक पर गड्ढे से बचकर निकलते राहगीर। अमृत विचार

- **जिम्मेदारों की दी गई जानकारी पर नहीं हुआ समाधान**

उधर, शहर के सबसे व्यस्त और वीवीआईपी कहे जाने वाले सोनेपुर कलेक्ट्रेट मार्ग के एलआईसी शहीद चौराहे पर हालात और भी शर्मनाक हैं। यहां करीब 15 मीटर लंबा गड्ढा महीनों से मौत का जाल' बना हुआ है। स्थानीय नागरिक पवन साहू, प्रखर पटेल, मुकेश पटेल, आनंद यादव और रोहित सिंह पटेल ने सीधे तौर पर प्रशासन और सरकार पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि जब कोई बड़ा नेता आने वाला होता है, तो रातों-रात सड़कें चमक उठती हैं, लेकिन आम जनता की सुरक्षा किसी की प्राथमिकता नहीं है।

## एक-दूसरे को गले लगाकर दी ईद की मुबारकबाद

**कार्यालय संवाददाता, जालौन**

**अमृत विचार।** नगर की मस्जिदों में शांति व भाइचारे के साथ ईद की नमाज पढ़कर मुल्क में अमन, शांति व भाइचारे की दुआएं मांगी गईं। नमाज के बाद राजनेताओं एवं समाजसेवियों ने लोगों से गले मिलकर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी।

ईद के मुबारक मौके पर नगर की मस्जिदों व ईदगाह में शांति व भाइचारे के साथ ईद की नमाज अदा की गई। सुबह आठ बजे से 10 बजे के बीच नमाज अदा की गई। नमाज के बाद मुल्क में अमन व शांति एवं गुनाहों से माफी की दुआएं मांगी गईं। दुआ के बाद सभी एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हुए गले मिलते नजर आए। ईद के नमाज सबसे पहले मुहल्ला तोपखाना स्थित ईदगाह में कारी उवैश ने अदा कराई। मौलाना सुल्तान अहमद जामई ने दुआ कराई। तकिया वाली मस्जिद में शहर काजी मौलाना साबिर, मदरसा वाली मस्जिद में कारी उजैर, हुसैनी मस्जिद में हाफिज सईद, सुब्हानी जामा मस्जिद में मौलाना शहाबुद्दीन, वाले वाली मस्जिद में कारी सम्से आलम ने ईद की नमाज अदा कराई। इसके अलावा बड़ी ईदगाह, मोती मस्जिद, इमाम चौक आदि मस्जिदों में ईद की नमाज अदा की गई। मौलाना सुल्तान अहमद ने बताया कि रमजानुल मुबारक के 30 रोजे पूरे होने के बाद अल्लाह ने खुशी के इजहार के लिए ईद जैसा तोहफा अता किया। जो कि इस्लाम में सबसे बड़े पर्व के रूप में मनाया जाता हैं। जिसमें आपसी सौहार्द, भाईचारा और दिल के मैल को खत्म करके धर्मनिरपेक्षता के साथ गले व हाथ मिलाकर मुबारकबाद दी जाती है। ईद के पर्व पर कहीं कोई अराजकतत्व नगर की शांति भंग करने की कोशिश न करें, इसके लिए सभी मस्जिदों के आसपास पुलिस फोर्स तैनात रहा। एसडीएम हेमंत कुमार पटेल, सीओ शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी आदि रहे।



ईद के मौके पर गले मिलते बच्चे। अमृत विचार

## भक्तों के सभी कष्टों को हरती हैं माता वनखंडी

**रोहिणी शर्मा, कालपी**

**अमृत विचार ।** कालपी नगर के दक्षिण दिशा में स्थित मां वनखंडी देवी में नवरात्रि के अवसर पर हजारों श्रद्धालु पूजा अर्चना कर पुण्य प्राप्त करते हैं ऐसी मान्यता है कि जो भी भक्त यहां सच्चे मन से कुछ भी मांगता है उसकी मन्नत अवश्य पूर्ण होती है मनोकामना पूर्ण होने पर परिवार के सदस्यों व रिश्तेदारों के साथ देवी मंदिर पहुंचकर डाली चढ़ाने की परंपरा है। डाली में पूड़ी सब्जी आटे का मीठा हलुवा मां वनखंडी देवी में चढ़ाने की परंपरा है। बड़ी संख्या में भक्त कुलदेवी के रूप में वखंडी माता को पूजते हैं जनपद का कालपी यूं तो धार्मिक स्थल है यहां अलग अलग स्थानों पर नौ देवियां विराजमान है। नवरात्रि के समय भक्तों की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के लिए सुबह 6 बजे से देर रात्रि तक पुलिस का पहरा रहता है इसके अलावा बुंदेलखंड में वनखंडी देवी की अलग ही मान्यता है हमीरपुर, महोबा, झांसी, मध्य प्रदेश के भिंड, कानपुर देहात, आगरा इटावा, जनपद के और जालौन जनपद के कोने-कोने से मां वनखंडी देवी के भक्त अपनी मनोकामना लेकर देवी दरबार में हाजिरी लगाते हैं। वखण्डी देवी के महंत जमुना दास महाराज ने वनखंडी देवी का इतिहास बताते हुए कहा की किदवंतियों के अनुसार प्राचीन काल में सुधांशु नाम के राजा के कोई संतान नहीं थी एक बार देवर्षि नारद मृत्यु लोक में घूमते हुए राजा के घर के सामने से निकले। उन्होंने सुधांशु जी को दुखी देख कर दुखी होने का कारण पूछा। राजा ने संतान सुख न होने की अपनी व्यथा कही। नारद जी ने ईश्वर से प्रार्थना करने का आश्वासन दिया। नारद जी ने भगवान विष्णु, ब्रह्मा एवं भगवान शंकर से राजा की व्यथा बताई सभी ने राजा के भाग्य में संतान न होने की बात कही कुछ वर्षों बाद एक दिन सप्त वर्ष की एक कन्या राजा के द्वार पर आ गई और उसने कहा कि जो कोई मुझे हलवा पूड़ी का भोजन कराएगा उसे मनवांछित फल मिलेगा। ऐसा कहते हुए राजा के सामने से निकली कन्या की बात सुनकर राजा की पत्नी ने उस कन्या को आदर से बैठाकर पूर्ण श्रद्धा से हलवापूरी खिलाया। चलते समय कन्या ने अपना नाम जगदम्बिका और निवास अंबिकावन बताया। कुछ समय बाद राजा को पुत्र की प्राप्ति हुई। नारद जी ने जब राजा से पुत्र होने के बात त्रिदेवों को बताई। उन्हें विश्वास नहीं हुआ वे स्वयं राजा के घर आ गए और राजा के पुत्र को देख त्रिदेवों को आभास हुआ की कोई दैवीय शक्ति है ।

### मां चंद्रघंटा की पूजा कर मांगा सौभाग्य

■ **जालौन।** चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन नगर में मां के तीसरे रूप मां चन्द्रघंटा की पूजा-अर्चना की गयी। इस मौके पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मां के मंदिरों में भक्तों की भीड़ रही है। मंदिर में बज रहे मनमोहक देवी गीतों तथा घंटे की आवाज सुनाई देती रही। शनिवार को चैत्र नवरात्रि के तीसरे दिन मां के तीसरे स्वरूप मां चन्द्रघंटा की पूजा-अर्चना की गयी। नगर के प्राचीन देवी माता मंदिर छोटी व बड़ी माता मंदिर के साथ, संतोष माता मंदिर उरई मार्ग, पहाड़पुरा कामाक्षी माता, हुल्की, छटी माता मंदिर समेत नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित माता के मंदिरों में भक्तों की सुबह से ही भीड़ लगी रही। मां के मंदिरों में महिलाओं की भीड़ रही जो हाथ में जल का लोटा, रोली, फूल, फल व मिष्ठान लेकर पहुंची थी। अपरान्ह बाद मंदिर खुलते ही भक्त दीपक लेकर मां की आरती उतारने पहुंची। सुबह सांय मंदिरों में आरती के समय बज रही शंख, झालर, ढोल, नगाड़े की आवाज से आसपास का माहौल मां की भक्तिमय हो गया तथा जयकारे सुनाई देते रहे। नगर व ग्रामीण क्षेत्र के मंदिर में लग रहे जयकारों व बज रहे गीतों से नगर का माहौल भक्तिमय हो गया है

**क्रिकेट टूर्नामेंट** | जालौन के बराहीं देवी खेल मैदान में होंगे मैच, झांसी, ग्लालियर, भिंड की टीमें खेलेंगी

## रात्रिकालीन टी-10 स्पर्धा की हुई शुरुआत

**कार्यालय संवाददाता जालौन**

**अमृत विचार ।** नगर में खेल प्रेमियों के लिए दूसरी बार रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शनिवार रात से हुआ। आयोजन से पूर्व सुबह ट्रॉफी का अनावरण किया गया। इस दौरान खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया।

नगर में दूसरी बार टी-10 फॉर्मेट में रात्रिकालीन टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में समथर, झांसी, ग्वालियर, भिंड, कानपुर देहात, महोबा और औरैया आदि स्थानों की टीमें भाग लेंगी। टूर्नामेंट से पूर्व बराहीं देवी मैदान स्थित आयोजन स्थन पर ट्रॉफी अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल ने कहा कि क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन खेल संस्कृति को बढ़ावा देगा और अन्य युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगा। सरकार भी खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है, और वह भविष्य में भी इस तरह के आयोजनों का समर्थन करते रहेंगे। आयोजक सोनू चौहान ने कहा कि खेल प्रेमियों को बेहतरीन क्रिकेट मुकाबले देखने को मिलेंगे। यह आयोजन युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करेगा और जिले में खेल प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करेगा।

बताया कि सभी मैच सायं साढ़े छह बजे से खेले जाएंगे। यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों के लिए एक शानदार मंच साबित होगा। उन्होंने कहा, आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारियां कर ली हैं। खिलाड़ियों को मैदान में सर्वोत्तम अनुभव देने के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उम्मीद है कि यह टूर्नामेंट नगर के खेल इतिहास में मील का पत्थर साबित होगा। ट्रॉफी अनावरण कार्यक्रम में रामेंद्र सिंह सेंगर, यश पटेल, कुंवर सिंह यादव, धर्मेंद्र चौहान, धर्मेंद्र प्रधान, अभय सिंह राजावत आदि मौजूद रहे।




जालौन ट्रॉफी सीजन-2 के ट्रॉफी का अनावरण करते अतिथि।

### पेट्रोलपंप मैनेजर पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**जालौन।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी ऋषि सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी मां के नाम से लौना रोड पर पेट्रोल पंप स्थापित है। इस पेट्रोल पंप पर करीब ढाई वर्ष से कैंथ गांव निवासी प्रमोद कुमार मैनेजर के पद पर कार्यरत हैं। पंप के आय व्यय का पूरा ब्यौरा मैनेजर के पास ही रहता था। बीती 13 जनवरी को वह पेट्रोल पंप पहुंचे और वहां हिसाब किताब किया। हिसाब किताब में 2,07,788 रुपये का हिसाब कम मिला। जब इसके बारे में मैनेजर से जानकरी की तो उसने उधारी की बात कही। उन्होंने उधारी की लिस्ट तैयार कराई और मैनेजर के सामने ही उनसे फोन पर संपर्क किया। जिस पर सभी लोगों द्वारा बताया गया कि उनकी कोई उधारी नहीं है और उन्होंने पूरा पेमेंट कर दिया है। इसको लेकर जब मैनेजर से बात की तो उसने स्वीकार किया कि रुपये उसने ले लिए हैं।



